AGRAWAL EXAMCART

Paper Pakka Fasega!

# केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा

CENTRAL TEACHER ELIGIBILITY TEST

वर्ष 2011–2022 के पेपर्स का विश्लेषण चार्ट

# CTET

## PAPER-1 (कक्षा 1 से 5 के लिए)

बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र | हिन्दी (भाषा 1 एवं 2) | English (Language 1 & 2) | संस्कृत (भाषा 1 एवं 2) | गणित | पर्यावरणीय अध्ययन

वर्ष 2011 से 2022 तक के

# 16 | सॉल्व्ड पेपर्स

**BEST SOLVED PAPERS!**

"इस पुस्तक में CTET 2011 - 2022 के पेपर्स के सभी विषयों के प्रश्नों को रखा गया है और प्रश्नों के सरल भाषा में व्याख्यात्मक हल दिए गए हैं।"


| Code | Price | Pages |
|---|---|---|
| CB924 | ₹ 289 | 369 |

# विषय सूची

*पृष्ठ संख्या*

## Student's Corner


- ⊙ **Agrawal Examcart Help Centre** — iv
- ⊙ परीक्षा की तैयारी करने की **Best Strategy** — v
- ⊙ **Current Affairs!** की **100%** सटीक तैयारी कैसे करें ? — vi
- ⊙ **CTET (1-5)** के पिछले वर्षों के हल प्रश्न–पत्रों का विश्लेषण चार्ट — vii
- ⊙ केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पाठ्यक्रम — xi


## सॉल्व्ड पेपर्स


| | | |
|---|---|---|
| ☞ | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 7-01-2022 | 1-25 |
| ☞ | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 3-01-2022 | 26-46 |
| 1. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 31-01-2021 | 1-26 |
| 2. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 8-12-2019 | 27-51 |
| 3. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 9-07-2019 | 52-77 |
| 4. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 9-12-2018 | 78-100 |
| 5. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : सितम्बर, 2016 | 101-124 |
| 6. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : फरवरी, 2016 | 125-148 |
| 7. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : सितम्बर, 2015 | 149-167 |
| 8. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 22-02-2015 | 168-191 |
| 9. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 21-09-2014 | 192-210 |
| 10. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 16-02-2014 | 211-235 |
| 11. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 28-07-2013 | 236-254 |
| 12. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 18-11-2012 | 255-275 |
| 13. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 29-01-2012 | 276-301 |
| 14. | केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V) हल प्रश्न–पत्र परीक्षा तिथि : 26-06-2011 | 302-326 |

# केन्द्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा पेपर-I (I to V)

## हल प्रश्न-पत्र

**परीक्षा तिथि : 8-12-2019**

भाग–I

## बाल विकास एवं शिक्षाशास्त्र

निर्देश (प्रश्न संख्या 1 से 30 तक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए–

**1.** निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा बुद्धि के बारे में सही है ?

(A) बुद्धि को मानकीकृत परीक्षणों के प्रयोग से सटीक रूप से मापा एवं निर्धारित किया जा सकता है

(B) बुद्धि एक एकात्मक कारक तथा एक एकाकी विशेषक है

(C) बुद्धि बहु-आयामी है तथा जटिल योग्यताओं का एक समूह है

(D) बुद्धि एक निश्चित योग्यता है, जो जन्म के समय ही निर्धारित होती है

**2.** रूही हमेशा समस्या के एकाधिक समाधानों के बारे में सोचती है। इनमें से काफी समाधान मौलिक होते हैं। रूही किन गुणों का प्रदर्शन कर रही है ?

(A) अभिसारिक विचारक

(B) अनम्य विचारक

(C) आत्म-केन्द्रित विचारक

(D) सृजनात्मक विचारक

**3.** आकलन का प्राथमिक उद्देश्य क्या होना चाहिए ?

(A) सम्बन्धित अवधारणाओं के बारे में बच्चों की स्पष्टता तथा भ्रान्तियों को समझना

(B) विद्यार्थियों के प्राप्तांकों के आधार पर उनको नामांकित करना

(C) रिपोर्ट कार्ड में उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण अंकित करना

(D) विद्यार्थियों के लिए श्रेणी निश्चित करना

**4.** एक समावेशी कक्षा में, एक शिक्षक को विशिष्ट शैक्षिक योजनाओं को—

(A) कभी-कभी तैयार करना चाहिए

(B) सक्रिय रूप से तैयार करना चाहिए

(C) तैयार करने के लिए हतोत्साहित होना चाहिए

(D) तैयार नहीं करना चाहिए

**5.** 'पठनवैफल्य' बच्चों के प्राथमिक लक्षण क्या हैं ?

(A) अपसारी चिन्तन, पढ़ने में धाराप्रवाहिता

(B) धाराप्रवाह पढ़ने की अक्षमता

(C) एक ही गतिविषयक कार्य को बार-बार दोहराना

(D) न्यून-अवधान विकार

**6.** शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 में उल्लेख की गई 'समावेशी शिक्षा' की अवधारणा निम्न-लिखित में किस पर आधारित है ?

(A) अशक्त बच्चों के प्रति एक सहानुभूतिक अभिवृत्ति

(B) अधिकार-आधारित मानवतावादी परिप्रेक्ष्य

(C) मुख्यतः व्यावसायिक शिक्षा उपलब्ध करा करके अशक्त बच्चों को मुख्य धारा में शामिल करना

(D) व्यवहारवादी सिद्धान्त

**7.** शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में, वंचित समूह से सम्बन्धित विद्यार्थियों के द्वारा सहभागिता कम होने की स्थिति में एक शिक्षक को क्या करना चाहिए ?

(A) इस स्थिति को जैसी है, स्वीकार कर लेना चाहिए

(B) इन विद्यार्थियों से अपनी अपेक्षाओं को कम करना चाहिए

(C) अपनी शिक्षण पद्धति पर विचार करना चाहिए तथा बच्चों की सहभागिता में सुधार करने के लिए नए तरीके ढूँढ़ने चाहिए

(D) बच्चों को विद्यालय छोड़ने के लिए कहना चाहिए

**8.** अनेक घटनाओं के बारे में बच्चों के द्वारा बनाए गए 'सहजानुभूत सिद्धान्तों' के सन्दर्भ में एक शिक्षिका को क्या करना चाहिए ?

(A) बच्चों को दण्डित करना चाहिए

(B) बार-बार याद करने के द्वारा एक सही सिद्धान्त से 'बदल' देना चाहिए

(C) प्रतिकूल प्रमाण एवं उदाहरणों को प्रस्तुत करके बच्चों के इन सिद्धान्तों को चुनौती देनी चाहिए

(D) बच्चों के इन सिद्धान्तों को अनदेखा करना चाहिए

**9.** छात्र-केन्द्रित शिक्षाशास्त्र की क्या विशेषता है ?

(A) बच्चों के अनुभवों को प्रमुखता देना

(B) यंत्रवत् याद करना

(C) योग्यता के आधार पर विद्यार्थियों को नामांकित करना तथा वर्गीकरण करना

(D) केवल पाठ्य-पुस्तकों पर निर्भर होना

**10.** संवेग एवं संज्ञान एक-दूसरे से..........हैं।

(A) स्वतन्त्र

(B) सन्निहित

(C) सम्बन्धित नहीं

(D) पूर्णतया अलग

**11.** संरचनावादी ढाँचे में, अधिगम प्राथमिक रूप से—

(A) प्रबलन पर केन्द्रित है

(B) अनुबन्धन द्वारा अर्जित है

(C) अवबोधन की प्रक्रिया पर केन्द्रित है

(D) यंत्रवत् याद करने पर आधारित है

**12.** विद्यार्थियों को स्पष्ट उदाहरण एवं गैर-उदाहरण देने के क्या परिणाम हैं ?

(A) यह विद्यार्थियों के दिमाग में भ्रान्तियाँ उत्पन्न करता है

(B) यह अवधारणाओं की समझ में अभाव पैदा करता है

(C) यह अवधारणात्मक समझ के बजाय कार्यविधिक/प्रक्रियात्मक ज्ञान पर ध्यान केन्द्रित करता है

(D) अवधारणात्मक परिवर्तनों को प्रोत्साहित करने के लिए यह एक प्रभावशाली तरीका है

**13.** बच्चों को अधिगम गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए लगातार पुरस्कार देना व दण्ड का प्रयोग करने से क्या प्रभाव पड़ता है ?

(A) आंतरिक अभिप्रेरणा बढ़ती है

(B) यह बच्चों को प्रदर्शन आधारित लक्ष्यों के बजाय निपुणता पर ध्यान देने के लिए प्रोत्साहित करेगा

(C) अधिगम में बच्चों की स्वाभाविक अभिरुचि तथा जिज्ञासा कम होती है

(D) बाहरी अभिप्रेरणा कम होती है

**14.** संरचनावादी सिद्धान्तों के अनुसार अधिगम के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(A) अधिगम यंत्रवत् याद करने की प्रक्रिया है

(B) अधिगम आवृत्तीय सम्बन्ध के द्वारा व्यवहारों का अनुबंधन है

(C) अधिगम सक्रिय विनियोजन के द्वारा ज्ञान की संरचना की प्रक्रिया है

(D) अधिगम पुनरुत्पादन एवं स्मरण की प्रक्रिया है

**15.** शिक्षक बच्चों की जटिल अवधारणाओं की समझ को किस प्रकार सहज कर सकते हैं ?

(A) प्रतियोगितात्मक अवसरों की व्यवस्था करके

(B) बार-बार यांत्रिक अभ्यास के द्वारा

(C) अन्वेषण एवं परिचर्चा के लिए अवसर उपलब्ध करके

(D) एक व्याख्यान देकर के

**16.** एक प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका बच्चों को एक प्रभावशाली समस्या-समाधानकर्ता बनने के लिए किस प्रकार से प्रोत्साहित कर सकती है ?

(A) केवल प्रक्रियात्मक ज्ञान पर बल/महत्त्व देकर

(B) 'गलत उत्तरों' को अस्वीकार करके एवं दंडित करके

(C) बच्चों को सहजानुभूत अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करके तथा उसी पर आधारित विचार मंथन करके

(D) प्रत्येक छोटे कार्य के लिए भौतिक पुरस्कार देकर

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सी प्रथाएँ सार्थक अधिगम को बढ़ावा देती हैं ?

(1) शारीरिक दण्ड

(2) सहयोगात्मक अधिगम पर्यावरण

(3) सतत् एवं समग्र मूल्यांकन

(4) निरन्तर तुलनात्मक मूल्यांकन

(A) (2), (3)

(B) (1), (2), (3)

(C) (2), (3), (4)

(D) (1), (2)

**18.** निम्नलिखित में से कौन-सा विकास का सिद्धान्त नहीं है ?

(A) विकास परिवर्त्य होता है

(B) विकास आनुवंशिकता एवं पर्यावरण दोनों के द्वारा प्रभावित होता है

(C) विकास सार्वभौमिक है तथा सांस्कृतिक सन्दर्भ इसे प्रभावित नहीं करते

(D) विकास जीवनपर्यन्त होता है

**19.** वैयक्तिक विभिन्नताओं का प्राथमिक कारण क्या है ?

(A) जन्मजात विशेषताएँ

(B) पर्यावरणीय प्रभाव

(C) आनुवंशिकता एवं पर्यावरण के बीच जटिल पारस्परिक क्रिया

(D) लोगों के द्वारा माता-पिता से प्राप्त आनुवंशिक संकेत पद्धति (कोड)

**20.** निम्नलिखित में से कौन-सा द्वितीयक सामाजीकरण एजेन्सी का उदाहरण है ?

(A) परिवार एवं मीडिया

(B) विद्यालय एवं मीडिया

(C) मीडिया एवं पास-पड़ोस

(D) परिवार एवं पास-पड़ोस

**21.** निम्नलिखित अवधि में से किसमें शारीरिक वृद्धि एवं विकास तीव्र गति से घटित होता है ?

(A) प्रारम्भिक बाल्यावस्था एवं मध्य बाल्यावस्था

(B) मध्य बाल्यावस्था एवं किशोरावस्था

(C) किशोरावस्था एवं वयस्कता

(D) शैशवावस्था एवं प्रारम्भिक बाल्यावस्था

**22.** निम्नलिखित में से कौन-सी लॉरेंस कोहलबर्ग के द्वारा प्रस्तावित नैतिक विकास की एक अवस्था है ?

(A) सामाजिक अनुबन्ध अभिविन्यास

(B) मूर्त संक्रियात्मक अवस्था

(C) उद्योग *बनाम* अधीनता अवस्था

(D) प्रसुप्ति अवस्था

**23.** कक्षा में परिचर्चा के दौरान एक शिक्षक प्रायः लड़कियों की तुलना में लड़कों पर अधिक ध्यान देता है। यह किसका उदाहरण है ?

(A) जेंडर पहचान

(B) जेंडर सम्बद्धता

(C) जेंडर समरूपता

(D) जेंडर पक्षपात

**24.** बच्चों में जेंडर रूढ़िवादिता एवं जेंडर-भूमिका अनुरूपता को कम करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी पद्धति प्रभावशाली है ?

(A) जेंडर-विशिष्ट भूमिकाओं को महत्त्व देना

(B) जेंडर-पृथक खेल समूह बनाना

(C) जेंडर-पृथक बैठने की व्यवस्था करना

(D) जेंडर-पक्षपात के बारे में परिचर्चा

**25.** निम्नलिखित में से किस मनोवैज्ञानिक ने बच्चों को ज्ञान के सक्रिय जिज्ञासु के रूप में देखते हुए उनके चिन्तन पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषय वस्तुओं के प्रभाव को महत्त्व दिया ?

(A) लेव वायगोट्स्की

(B) जीन पियाजे

(C) लॉरेंस कोलबर्ग

(D) जॉन बी. वाट्सन

**26.** भाषा के अर्जन एवं विकास के लिए सर्वाधिक संवेदनशील अवधि कौन-सी है ?

(A) प्रारम्भिक बाल्यावस्था

(B) मध्य बाल्यावस्था

(C) किशोरावस्था

(D) जन्म पूर्व अवधि

**27.** बच्चों को संकेत देना तथा आवश्यकता पड़ने पर सहयोग प्रदान करना, निम्नलिखित में से किसका उदाहरण है ?

(A) अनुबंधन (B) मॉडलिंग

(C) पाड़ (ढाँचा) (D) प्रबलन

**28.** निम्नलिखित व्यवहारों में से कौन-सा जीन पियाजे के द्वारा प्रस्तावित 'मूर्त संक्रियात्मक अवस्था' को विशेषित करता है ?

(A) संरक्षण, कक्षा समावेशन

(B) आस्थगित अनुकरण, पदार्थ स्थायित्व

(C) प्रतीकात्मक खेल, विचारों की अनुत्क्रमणीयता

(D) परिकल्पित-निगमनात्मक तर्क, साध्यात्मक विचार

**29.** बच्चों के संज्ञानात्मक विकास के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सी पियाजे की संरचना है ?

(A) अवलोकन अधिगम

(B) अनुबन्धन

(C) प्रबलन

(D) स्कीमा

**30.** जिग-सॉ पहेली को करते समय 5 वर्ष की नज्मा स्वयं से कहती है, ''नीला टुकड़ा कहाँ है ? नहीं, यह वाला नहीं, गाढ़े रंग वाला जिससे यह जूता पूरा बन जाएगा''।

इस प्रकार की वार्ता को वायगोट्स्की किस तरह सम्बोधित करते हैं ?

(A) जोर से बोलना

(B) पाड़ (ढाँचा)

(C) आत्मकेन्द्रित वार्ता

(D) व्यक्तिगत वार्ता

## भाग–II
# गणित

**31.** निम्नलिखित में से किसमें लम्बाइयों को घटते क्रम में व्यवस्थित किया गया है ?

(A) 80 dm 8 cm, 8500 mm, 8 m, 800 cm 8mm

(B) 8 m, 80 dm 8 cm, 8500 mm, 800 cm 8 mm

(C) 8500mm, 80 dm 8 cm, 800 cm 8 mm, 8 m

(D) 8500 mm, 800 cm 8 mm, 80 dm 8 cm, 8 m

**32.** एक रेलगाड़ी दिल्ली से 29 अगस्त, 2019 को 16:30 बजे प्रस्थान करती है और अपने गंतव्य पर 31 अगस्त को 08:45 बजे पहुँचती है। इस यात्रा का कुल समय है ?

(A) 38 घंटे 45 मिनट

(B) 39 घंटे 45 मिनट

(C) 40 घंटे 15 मिनट

(D) 36 घंटे 15 मिनट

**33.** कक्षा II के छात्रों को 44 लिखने के लिए कहा गया, तो कुछ ने 404 लिखा। अध्यापक के रूप में आप इसको कैसे संबोधित करेंगे?

(A) उन्हें मूर्त पदार्थ से विनिमय नियम समझायेंगे

(B) उनको उस समूह में रखेंगे, जिसने सही लिखा है

(C) उन्हें सही उत्तर प्राप्त करने के लिए कहेंगे

(D) उनकी कॉपियों में सही उत्तर लिखेंगे

**34.** गणित के प्राथमिक पाठ्यक्रम में 'प्रतिचित्रण' का परिचय देने का मुख्य प्रयोजन है–

(a) त्रिविम विचार–क्षमता को प्रोत्साहन देना

(b) आनुपातिक विवेचन को प्रोत्साहन देना

(c) विषय को सरल और रुचिकर बनाना

(d) संख्याओं की नीरसता को समाप्त करना

(A) a और d (B) a और b

(C) b और c (C) a और c

**35.** एक 180 cm लम्बी तार को एक आयत का रूप दिया गया। यदि आयत की चौड़ाई 30 cm है तो इसकी लम्बाई क्या है ?

(A) 60 cm (B) 90 cm

(C) 120 cm (D) 45 cm

**36.** सूत्र का प्रयोग किए बिना अध्यापक, निम्नलिखित में से किन साधनों/शिक्षण अधिगम सामग्री का प्रयोग यह दर्शाने के लिए कर सकता है, कि विभिन्न आयामों वाले दो आयतों का क्षेत्रफल समान हो सकता है ?

(a) पैमाना

(b) ग्राफ पेपर

(c) धागा

(d) टाइल

(A) b और d (B) केवल c

(C) a और d (C) केवल b

**37.** एन सी एफ (राष्ट्रीय पाठ्यचर्या) 2005 के अनुसार निम्नलिखित में से कौन से विषय प्राथमिक विद्यालय में गणित पाठ्यक्रम का भाग नहीं हैं ?

(A) सममिति (B) प्रतिरूप

(C) अनुपात (D) चौपड़ (टाइलिंग)

**38.** यह समझाने के लिए कि $\frac{1}{4}$, $\frac{1}{3}$ से छोटा है, निम्नलिखित में से कौन-सी योजना सबसे अधिक उपयुक्त है

(A) कागज की पट्टियों का प्रयोग

(B) डाइनिस ब्लॉक्स का प्रयोग

(C) संख्या चार्ट का प्रयोग

(D) लघुत्तम समापवर्तक विधि का प्रयोग

**39.** प्राथमिक कक्षाओं में बच्चों को गणित पढ़ाने के लिए बनाई जाने वाली पाठ योजना का निम्नलिखित में से कौन–सा अति महत्त्वपूर्ण पहलू है ?

(A) गणितीय संकल्पनाओं को संरचनात्मक ढंग से प्रस्तुत करना

(B) विद्यार्थियों को अवसर देना कि वे संकल्पनाओं की संरचना करें

(C) क्रियाकलापों को लिखना और इस संदर्भ में प्रश्न देना

(D) पाठ्य–पुस्तक के अनुक्रम का अनुसरण करना

**40.** निम्न में से गणित में उपलब्धि कम होने का कारण क्या हो सकता है ?

(A) सामाजिक–सांस्कृतिक पृष्ठभूमि

(B) गणित का स्वरूप

(C) व्यक्ति की स्वाभाविक क्षमता

(D) लिंग

**41.** निम्नलिखित में से कौन–से कथन की सहमति गणित के संरचनात्मक (रचनावादी दृष्टिकोण) से की जा सकती है ?

(A) गणितज्ञों से सच्चाई का आविष्कार अपेक्षित होना चाहिए

(B) गणित पूर्णतया विषयपरक है

(C) मानसदर्शन गणित का महत्त्वपूर्ण पहलू है

(D) गणित तथ्यों को सीखने के बारे में है

**42.** निम्नलिखित में से किसे संरचनात्मक (रचनावादी) गणितीय कक्षा कक्ष का लक्षण नहीं माना जा सकता है ?

(A) अध्यापक स्वीकार करता है कि दी गई अन्योन्य क्रिया को विभिन्न विद्यार्थी अलग–अलग प्रकार से समझ सकते हैं।

(B) प्राथमिक स्तर पर आकलन के लिए विषयपरक प्रकार की परीक्षा का उपयोग किया जाता है।

(C) गणित और दूसरे पाठ्येतर क्षेत्रों के बीच के संबंधों को उजागर किया जाता है।

(D) गणित के अधिगम में भाषा और संवादों की भूमिका पर उचित ध्यान दिया जाता है।

**43.** गणित के अधिगम के संबंध में निम्नलिखित में से क्या सही नहीं है ?

(A) अध्यापक के सीखने वालों के प्रति विचारों का अधिगम परिणामों पर प्रभावशाली असर होता है।

(B) विद्यार्थियों की सामाजिक–आर्थिक पृष्ठभूमि का गणित के निष्पादन पर असर होता है।

(C) विद्यालय में दिए जाने वाले निर्देशों की भाषा का असर बच्चे के गणित के प्रदर्शन पर हो सकता है।

(D) गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रतिभा स्वाभाविक होती है।

**44.** निम्नलिखित में से कौन–सा क्रियाकलाप बच्चों में त्रिविम समझ को विकसित करने के लिए अधिक उपयुक्त है ?

(A) मानचित्र पर शहरों का स्थान निर्धारण करना।

(B) चन्द्रमा के उदय होने का समय लिखना

(C) संख्याओं को संख्या रेखा पर निरूपित करना।

(D) बोतल के ऊपरी दृश्य को चित्रित करना।

**45.** हिंदू–अरबी गणना–प्रणाली के लिए निम्नलिखित में से कौन–सा सही नहीं है ?

(A) यह योगात्मक प्रकृति का है।

(B) इसमें आधार 2 की प्रणाली का पालन किया जाता है।

(C) यह गुणनात्मक प्रकृति का है।

(D) एक संख्या में अंक की स्थिति इसका मान बताती है।

46. निम्नलिखित शाब्दिक समस्या के प्रकार को पहचानिए –
मेरे पास 6 पेंसिल हैं। मनीष के पास मेरे से दो अधिक हैं। मनीष के पास कितनी पेंसिल हैं ?
(A) तुलनात्मक घटा
(B) व्यवकलित जमा
(C) व्यवकलित घटा
(D) तुलनात्मक जमा

47. निम्नलिखित में से क्या गणितीय तर्कणा का सूचक है ?
(A) गणितीय प्रक्रिया की तर्कसंगतता देने की क्षमता
(B) परिकलन में निपुणता की क्षमता
(C) विभिन्न परिस्थितियों में सही सूत्रों को स्मरण करने की क्षमता
(D) गणितीय संकल्पनाओं की परिभाषा देने की क्षमता

48. प्राथमिक स्तर पर ज्यामिति के अध्यापन के लिए वांछनीय प्रक्रिया पहचानिए।
(A) अध्यापक को प्रारंभ में सरल आकृतियों की स्पष्ट परिभाषा देनी चाहिए और उदाहरण दिखाने चाहिए।
(B) बच्चों को प्रचुर अवसर दिए जाने चाहिए कि वे दिक्स्थान की अंतर्दर्शी समझ को विकसित कर सकें।
(C) प्राथमिक स्तर पर व्यापक ज्यामितीय शब्दसंग्रह का विकास करना उद्देश्य नहीं होना चाहिए।
(D) प्राथमिक स्तर पर ज्यामिति को सरल मूलभूत आकृतियों की पहचान तक सीमित रखना चाहिए।

49. सुपर बाजार में सब्जियों की मूल्य सूची निम्नलिखित है :

| वस्तु/ | मात्रा/ | मूल्य(₹ में) |
|---|---|---|
| टमाटर | 1 kg | 40 |
| आलू | 2 kg | 25 |
| गाजर | 250 g | 20 |
| लौकी | 1 kg | 10 |
| मिर्च | 100 g | 10 |
| नींबू | 4 नग | 10 |

संजय ने $\frac{1}{2}$ kg टमाटर, 1 kg आलू, $\frac{1}{2}$ kg गाजर, 250 g मिर्च और 6 नींबू खरीदे। उसने बिल क्लर्क को काउंटर पर ₹ 200 का नोट दिया। उसे कितने रुपये वापिस मिलेंगे ?
(A) ₹ 87.50 (B) ₹ 86.50
(C) ₹ 97.50 (D) ₹ 112.50

50. एक रेलवे स्टेशन पर कार पार्किंग की दर निम्न रूप से चित्रित की गई है :

| | | |
|---|---|---|
| (a) | 2 घण्टे तक | ₹ 50 |
| (b) | 2 घण्टे से ऊपर और 5 घण्टे तक | ₹ 75 |
| (c) | 5 घण्टे के पश्चात् | 8 घण्टे तक प्रति अतिरिक्त घण्टा ₹ 10 |
| (d) | 8 घण्टे से ऊपर और 12 घण्टे तक | ₹ 150 |
| (e) | 12 घण्टे से ऊपर और 24 घण्टे तक | ₹ 250 |

राजीव ने अपनी कार को 7.00 a.m. पर पार्क किया और उसे उसी दिन ही लेने वह 4.30 p.m. पर आया। उसे कितने रुपये का भुगतान कराना होगा ?
(A) ₹ 150
(B) ₹ 130
(C) ₹ 100
(D) ₹ 135

51. मैं एक दो अंकों की संख्या हूँ।
दहाई के स्थान पर अंक और इकाई के स्थान पर अंक क्रमिक अभाज्य संख्याएँ हैं।
अंकों का योग 3 और 4 का गुणज है।
संख्या है –
(A) 23 (B) 35
(C) 13 (D) 57

52. एक पाँच अंकों की संख्या में, दहाई के स्थान का अंक 8, इकाई के स्थान का अंक दहाई के स्थान के अंक का एक–चौथाई, हजार के स्थान का अंक 0, सौवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का दुगुना और दस हजारवें स्थान का अंक इकाई के स्थान का तिगुना है। संख्या क्या है ?
(A) 64028 (B) 46028
(C) 60482 (D) 64082

53. आरोही क्रम में व्यवस्थित करने पर निम्नलिखित में से कौन–सी संख्या तृतीय स्थान पर होगी ?
7.07, 7.70, 7.707, 7.007, 0.77
(A) 7.007 (B) 7.07
(C) 7.707 (D) 7.70

54. एक वर्ग की भुजा 4 cm है। इसे काट कर 4 बराबर वर्गों में विभाजित किया गया है। प्रत्येक छोटे वर्ग का क्षेत्रफल क्या होगा ?
(A) 1 $cm^2$ (B) 16 $cm^2$
(C) 8 $cm^2$ (D) 4 $cm^2$

55. तीन ब्रांड A, B तथा C के पेन क्रमशः 10, 12 और 24 के पैकेटों में उपलब्ध हैं। यदि एक दुकानदार को तीनों प्रकार के पेन समान संख्या में खरीदने हैं, तो उसके द्वारा खरीदे जाने वाले पैकेटों की न्यूनतम संख्या क्या होगी ?
(A) A = 5, B = 12, C = 10
(B) A = 10, B = 5, C = 12
(C) A = 12, B = 10, C = 5
(D) A = 10, B = 12, C = 5

56. वह संख्या जो 1 से 10 (दोनों सम्मिलित) तक सभी संख्याओं से विभाज्य होगी, निम्न है :
(A) 100 (B) 604
(C) 2520 (D) 10

57. आयशा के पास केवल ₹ 5 और ₹ 10 के सिक्के हैं। यदि उसके पास सिक्कों की कुल संख्या 25 और ₹ 160 का धन है, तो उसके पास ₹ 5 और ₹ 10 के सिक्कों की संख्या है :
(A) क्रमशः 10 और 15
(B) क्रमशः 15 और 10
(C) क्रमशः 20 और 5
(D) क्रमशः 18 और 7

58. निम्नलिखित में से कौन–सा कथन सही नहीं है ?
(A) अभाज्य संख्याएँ अपरिमित रूप से अनेक हैं।
(B) अभाज्य संख्याओं के केवल दो गुणनखण्ड होते हैं।
(C) एक अंक वाली केवल चार अभाज्य संख्याएँ हैं।
(D) सभी अभाज्य संख्याएँ विषम संख्याएँ होती हैं।

59. एक बाग के वृक्षों में नीम के वृक्षों की संख्या एक–छठवाँ भाग है। आधे वृक्ष अशोक के हैं और शेष यूकेलिप्टस के हैं। यदि नीम के वृक्षों की संख्या 5 है, तो बाग में यूकेलिप्टस के कितने वृक्ष हैं ?
(A) 10 (B) 15
(C) 20 (D) 5

60. मान ज्ञात कीजिए :
$17.5 \times 3 - 21 \div 7 - 3 \times 12.5$
(A) 12 (B) 120
(C) 50 (D) 52.5

## भाग–III

# पर्यावरण अध्ययन

### निर्देश (प्रश्न संख्या 61 से 90 तक)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सबसे उचित विकल्प चुनिए।

**61.** निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन के संदर्भ में सही है ?

(A) I से II की कक्षाओं के लिए, भाषा और गणित के माध्यम से पर्यावरण अध्ययन पढ़ाया जाता है।

(B) II, III और IV की कक्षाओं के लिए पर्यावरण अध्ययन से जुड़े मुद्दों को भाषा और गणित के माध्यम से पढ़ाया जाता है।

(C) I से II तक की कक्षाओं के लिए पर्यावरण अध्ययन से जुड़े मुद्दे विज्ञान और सामाजिक-विज्ञान के द्वारा पढ़ाये जाते हैं।

(D) पर्यावरण अध्ययन एक विषय है, जो I से V तक की कक्षाओं में पढ़ाया जाता है।

**62.** बच्चों को पर्यावरण अध्ययन को सीखने के लिए खोजने के द्वारा पर्याप्त समय दिया जाता है। यह इंगित करता है, कि –

(A) पर्यावरण अध्ययन सूचनाओं के द्वारा सीखा जाता है।

(B) पर्यावरण अध्ययन बाल–केन्द्रित है।

(C) पर्यावरण अध्ययन शिक्षक केन्द्रित है।

(D) पर्यावरणीय अध्ययन याद करके सीखा जाता है।

**63.** पर्यावरण अध्ययन कक्षाओं III से V के लिए एक विषय क्षेत्र है, जो संकलित करता है

(A) पर्यावरण शिक्षा, सामाजिक अध्ययन और विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को।

(B) विज्ञान और सामाजिक विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को।

(C) पर्यावरणीय शिक्षा और विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को।

(D) विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को।

**64.** निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के लिए वांछनीय गतिविधि है ?

(A) पर्यावरण अध्ययन की अवधारणाओं से संबंधित महत्त्वपूर्ण सूचनाओं को बच्चों को देने के लिए प्रेरित करना।

(B) पर्यावरण अध्ययन के छः प्रकरणों का रेखीय आयोजन करना

(C) केवल पाठ्य–पुस्तकों पर आश्रित रहना

(D) विभिन्न कक्षाओं के बहुसांस्कृतिक क्षेत्रों को संबोधित करना।

**65.** निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के द्वारा ज्ञान की रचना में महत्त्वपूर्ण है ?

(1) बच्चों का सक्रिय भाग लेना

(2) बच्चों के समुदाय के सदस्य

(3) पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य-पुस्तकें

(4) पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य–पुस्तक में दी गई व्याख्या और परिभाषा

(A) केवल 1 और 3

(B) 1, 3 और 4

(C) केवल 3

(D) 1, 2 और 3

**66.** निम्नलिखित में से कौन–सा पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम के सुझावित प्रकरणों का उपप्रकरण है ?

(A) भोजन

(B) जानवर

(C) हम चीजें कैसे बनाते हैं

(D) परिवार और मित्र

**67.** पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के द्वारा बच्चों को जानवरों का अवलोकन और उनका चित्र बनाने को प्रेरित करने का उद्देश्य है–

(1) बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करना।

(2) बच्चों में अवलोकन और रचना कौशलों का विकास करना।

(3) बच्चों में सौंदर्यगत् संवेदना का विकास करना।

(A) केवल 1 और 3

(B) केवल 2

(C) 1, 2 और 3

(D) केवल 1

**68.** बच्चों को पर्यावरण अध्ययन सीखने में प्रभावशाली तरीके से जोड़ा जा सकता है–

(1) वृत्तांत

(2) कहानियाँ

(3) शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं की प्रभावशाली व्याख्या

(4) शिक्षक के द्वारा अवधारणाओं का प्रभावशाली प्रदर्शन और व्याख्या

(A) केवल 1 और 2

(B) केवल 3 और 4

(C) 1, 2 और 3

(D) 1, 3 और 4

**69.** निम्नलिखित में से क्या पर्यावरण अध्ययन को सीखने का सबसे प्रभावशाली संसाधन है?

(1) परिवार के सदस्य

(2) समुदाय के सदस्य

(3) समाचार–पत्र

(4) कक्षा

(A) केवल 3 और 4

(B) 1, 2 और 3

(C) केवल 1 और 2

(D) केवल 4

**70.** निम्नलिखित सीखने के कौन–से सिद्धांत का पर्यावरण अध्ययन में अनुसरण होता है ?

(A) अमूर्त से मूर्त

(B) अज्ञात से ज्ञात

(C) ज्ञात से अज्ञात

(D) वैश्विक से स्थानीय

**71.** पर्यावरण अध्ययन में शिल्पकला और चित्रकला को समूह में करके सीखने पर बल दिया जाता है क्योंकि–

(1) कक्षा की अनुशासनहीनता को रोकने के लिए समूह में सीखना शिक्षकों के लिए एक आसान और बहुत प्रभावशाली युक्ति है।

(2) समूह में सीखना सहपाठी द्वारा सीखने को प्रोत्साहित करता है।

(3) समूह में सीखना कक्षा में सामाजिक अन्त:क्रिया को बेहतर करता है।

(4) समूह में सीखना पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने में सहायता करता है।

(A) केवल 2 और 4

(B) केवल 2 और 3

(C) केवल 3 और 4

(D) केवल 1 और 4

**72.** निम्नलिखित में से किसको पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के आकलन में दूर करना चाहिए?

(A) कक्षा V के EVS पाठ्य–पुस्तक में प्रत्येक पाठ के अंत में दिए गए 'आज हमने क्या सीखा' पर चर्चा

(B) आकलन के संकेतकों का उपयोग

(C) बच्चों के सीखने के गुणात्मक आकलन

(D) बच्चों के उत्तरों को सही या गलत में आँकना

**73.** एक कक्षा V की शिक्षक एक क्रियाकलाप का संचालन करती है, जिसमें वह कक्षा के बच्चों

से फर्श पर चीनी के कुछ दाने डालने को कहती है और उनको चींटियों के आने का इंतजार करने को कहती है।

बच्चों को इस क्रियाकलाप से अर्थपूर्ण सीखने को मिल सकता है यदि शिक्षक–

(A) बच्चों को अपने अनुभव साझा करने को प्रेरित करती है।

(B) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन, अनुभव साझा और उस पर चर्चा करने को प्रेरित करती है।

(C) बच्चों को क्रियाकलाप से संबंधित प्रश्नों को घर से करने को प्रेरित करती है।

(D) बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन करने को प्रेरित करती है।

**74.** निम्नलिखित में से कौन–सा पर्यावरण अध्ययन में सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है ?

(A) क्रम निर्धारण मापनी

(B) वर्णन अभिलेख

(C) वार्षिक उपलब्धि परीक्षण

(D) पोर्टफोलियो

**75.**

| **कॉलम–I (शहर/राज्य)** | **कॉलम–II (अत्यधिक पसन्द का भोजन)** |
|---|---|
| 1. हाँगकांग | I. किसी भी करी के साथ उबला टैपिओका |
| 2. केरल | II. सरसों के तेल में बनी मछली |
| 3. कश्मीर | III. नारियल के तेल में बनी समुन्दर की मछली |
| 4. गोआ | IV. छोले–भटूरे |
| | V. पकाया हुआ साँप |

कॉलम-I की मदों का कॉलम-II की मदों से सही मिलान है –

(A) 1-V; 2-I; 3-II; 4-III

(B) 1-V; 2-III; 3-II; 4-I

(C) 1-III; 2-II; 3-IV; 4-I

(D) 1-V; 2-II; 3-III; 4-IV

**76.** नीचे दिये गए पक्षियों की कौन सी प्रजाति झटके से अपनी गर्दन आगे–पीछे करती है ?

(A) कौआ (B) बसन्त गौरी

(C) मैना (D) उल्लू

**77.** नीचे दी गयी सूची पर विचार कीजिए :

कछुआ, घड़ियाल, कौआ, बत्तख, मछली

इस सूची में से निम्न में से कौन–सा दूसरों से भिन्न है ?

(A) कौआ (B) घड़ियाल

(C) कछुआ (D) मछली

**78.** हाथियों के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :

(1) हाथी बहुत कम आराम करते हैं, यह एक दिन में केवल 2 से 4 घंटे ही सोते हैं।

(2) एक बड़ा हाथी एक दिन में 200 kg से अधिक पत्तियाँ और झाड़ियाँ खा लेता है।

(3) इन्हें पानी और कीचड़ में खेलना बहुत भाता है, इससे इनके शरीर को ठंडक मिलती है।

(4) किसी हाथियों के झुण्ड में सबसे बुजुर्ग हथिनी ही सभी फैसले लेती है।

इनमें सही कथन हैं–

(A) 2, 3 और 4

(B) 3, 4 और 1

(C) 1, 2 और 4

(D) 1, 2 और 3

**79.** घरों के नीचे दिए गए विवरणों पर विचार कीजिए–

(1) राजस्थान में गाँव के लोग मिट्टी के घरों, जिनकी छतें कँटीली झाड़ियों की होती हैं, में रहते हैं।

(2) मनाली (हिमाचल प्रदेश) में घर बाँसों के खंभों पर बनाए जाते हैं।

(3) लेह में पत्थर के दो मंजिले घर बनाए जाते हैं।नीचे की मंजिल पर जरूरत का सामान और जानवरों को रखते हैं।

इनमें सही कथन है/हैं–

(A) 2 और 3

(B) 1 और 3

(C) केवल 3

(D) 1 और 2

**80.** निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त वेट लिफ्टर है ?

(A) बछेन्द्री पाल

(B) सूर्यमणि

(C) कर्णम मल्लेश्वरी

(D) सुनीता विलियम्स

**81.** नीचे दिया गया कौन–सा एक समूह जड़ों का है ?

(A) गाजर, हल्दी, अदरक

(B) शकरकन्दी, मूली, हल्दी

(C) गाजर, चुकन्दर, मूली

(D) चुकन्दर, आलू, अदरक

**82.** 'रेगिस्तानी ओक' नाम का एक पेड़ है, जो पाया जाता है –

(A) ऑस्ट्रेलिया में

(B) राजस्थान के रेगिस्तानों में

(C) संयुक्त अरब अमीरात के रेगिस्तानों में

(D) आबू–धाबी में

**83.** कोई व्यक्ति 29 नवम्बर, 2019 को एक एक्सप्रेस ट्रेन में सूरत (गुजरात) से नगरकोइल (केरल) जाने के लिए बैठा। यह ट्रेन सूरत से 19:45 बजे चली और 1 दिसम्बर, 2019 को 11:45 बजे नगरकोइल पहुँची। यदि सूरत से नगरकोइल के बीच ट्रेन–मार्ग की दूरी 2120 km है, तो इस यात्रा में ट्रेन की औसत चाल थी–

(A) 60 किमी/घं.

(B) 53 किमी/घं.

(C) 45 किमी/घं.

(D) 132.5 किमी/घं.

**84.** भारत की आज़ादी से पहले महात्मा गाँधी ने जिस दांडी के समुद्र तट तक अपनी प्रसिद्ध यात्रा की थी। वह भारत के नीचे दिए गए किस राज्य में स्थित है ?

(A) कर्नाटक

(B) महाराष्ट्र

(C) गुजरात

(D) आंध्र प्रदेश

**85.** उच्च ज्वर (तेज बुखार) के साथ कंपकंपी जिसका उपचार सिनकोना पेड़ की छाल से किया जा सकता है, वह है –

(A) मलेरिया

(B) चिकनगुनिया

(C) डेंगू

(D) मियादी बुखार

**86.** नीपेन्थिस, वह पौधा जो शिकार करता है, के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए–

(1) यह पौधा ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया और भारत में मेघालय में पाया जाता है।

(2) इसका आकार घड़े जैसा होता है और इसका मुँह एक पत्ती से ढका होता है।

(3) यह केवल छोटे कीड़े–मकोड़ों को फँसाकर उनका शिकार कर सकता है।

(4) यह छोटे कीड़े–मकोड़ों को खींचने के लिए मोहक आवाज निकालता है, जो इसमें फँस जाते हैं और बाहर नहीं निकल पाते।

इनमें सही कथन हैं–

(A) केवल 1 और 3

(B) केवल 2 और 4

(C) 1, 2 और 3

(D) केवल 1 और 2

**87.** 'चेराओ' नाच कहाँ के लोग करते हैं ?

(A) मिजोरम

(B) मणिपुर

(C) मेघालय

(D) झारखण्ड

**88.** तमिलनाडु के निकटवर्ती राज्य हैं –

(A) केरल, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र

(B) कर्नाटक, छत्तीसगढ़, केरल

(C) आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक

(D) आंध्र प्रदेश, उड़ीसा, कर्नाटक

**89.** NCF-2005 के अनुसार निम्नलिखित में से क्या प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन शिक्षण का उद्देश्य नहीं होना चाहिए ?

(A) अवलोकन, वर्गीकरण और निष्कर्ष निकालने आदि प्रक्रियाओं के माध्यम से बुनियादी संज्ञानात्मक और गत्यात्मक कौशल प्राप्त करने के लिए खोजबीन से जुड़ी और हाथों से करने वाले कार्यों में बच्चों को संलग्न करना।

(B) प्राकृतिक, सांस्कृतिक व सामाजिक पर्यावरण के बीच संबंधों को पहचानने व समझने में बच्चों को प्रशिक्षित करना।

(C) पर्यावरणीय समझ के द्वारा बच्चों में सटीक संख्यात्मक कौशलों का विकास करना।

(D) विशेषत: प्राकृतिक पर्यावरण के प्रति बच्चे की जिज्ञासा एवं सृजनात्मकता को बढ़ावा देना।

**90.** किसी डॉक्टर का घर X पर स्थित है, तथा उसका अस्पताल Y पर स्थित है। डॉक्टर के घर से अस्पताल जाने के लिए कोई सीधी सड़क नहीं है। अत: डॉक्टर पहले A पर जाते हैं जो X के ठीक पूर्व में 600 m की दूरी पर है, फिर वह B पर जाते हैं, जो A के ठीक दक्षिण में 450 m की दूरी पर है, फिर वह C पर जाते हैं, जो B के ठीक पश्चिम में 120 m की दूरी पर है और अन्त में वह Y पर अपने अस्पताल पहुँचते हैं, जो C के ठीक उत्तर में 90 m की दूरी पर है। अस्पताल के सापेक्ष डॉक्टर के घर की सही दिशा क्या है ?

(A) उत्तर-पश्चिम

(B) दक्षिण-पूर्व

(C) दक्षिण-पश्चिम

(D) उत्तर-पूर्व

## Part-IV/भाग–IV
# भाषा–I : हिन्दी

### निर्देश (प्रश्न संख्या 91 से 99 तक)

नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनिए:

आधुनिक शिक्षा का नतीजा हमने देख लिया। हमने उस शिक्षा का नतीजा भी देख लिया, जिसमें 'विकसित विज्ञान' का सबसे महत्त्वपूर्ण स्थान है, जिसके कारण व्यक्ति को कहीं भी या कितना भी मिलने के बावजूद तृप्ति नहीं होती। इसका कारण यही है कि शिक्षा के स्वाभाविक और आवश्यक अंगों को छोड़कर हमने ऐसे विषयों पर अधिक ध्यान दिया, जो मनुष्य का एकतरफा विकास करते हैं, जिनके कारण व्यक्तित्व का बड़े-से-बड़ा भाग अतृप्त रह जाता है। बाल्यावस्था में भी कला–शिक्षा को अभी तक उचित स्थान नहीं मिला है। जहाँ मिलता भी है, वहाँ बच्चा ग्यारह–बारह वर्ष का होते ही उसके शिक्षा-क्रम में से कला-प्रवृत्तियों को निकाल दिया जाता है। ऐसा ही हर्बर्ट रीड ने कहा है :

''हमारा अनुभव हमें बताता है कि हर व्यक्ति ग्यारह साल की उम्र के बाद, किशोर-अवस्था और उसके बाद भी सारे जीवन-काल तक किसी-न-किसी कला-प्रवृत्ति को अपने भाव-प्रकटन का जरिया बनाये रख सकता है। आज के सभी विषय-जिन पर हम अपनी एकमात्र श्रद्धा करते हैं, जैसे गणित, भूगोल, इतिहास, रसायनशास्त्र और यहाँ तक कि साहित्य भी – जिस तरह पढ़ाये जाते हैं, उन सबकी बुनियाद तार्किक है। इन पर एकमात्र जोर देने के कारण कला-प्रवृत्तियाँ, जो भावना-प्रधान होती हैं, पाठ्यक्रम से करीब–करीब निकल जाती हैं, ये प्रवृत्तियाँ केवल पाठ्यक्रम से ही नहीं निकल जातीं, बल्कि इन तार्किक विषयों को महत्त्व देने के कारण व्यक्ति के दिमाग से भी बिल्कुल निकल जाती हैं। किशोर-अवस्था को इस तरह गलत रास्ते पर ले जाने का नतीजा भयानक हो रहा है। सभ्यता रोज-ब-रोज बेअदब होती जा रही है। व्यक्ति का गलत विकास हो रहा है। उसका मानस अस्वस्थ है, परिवार दुखी है। समाज में फूट पड़ी है और दुनिया पर ध्वंस करने का ज्वर चढ़ा है। इन भयानक अवस्थाओं को हमारा ज्ञान-विज्ञान सहारा दे रहा है। आज की तालीम भी इसी दौड़ में साथ दे रही है।''

**91.** ज्ञान-विज्ञान को बहुत अधिक महत्त्व देने के कारण –

(A) समाज में विभाजन हो रहा है।

(B) व्यक्ति सृजन की राह पर है।

(C) व्यक्ति विध्वंस की राह पर नहीं है।

(D) समाज उन्नति कर रहा है।

**92.** किशोरावस्था तार्किकता की प्रधानता और भाव के अभाव में .......... का रास्ता अपना रही है।

(A) ज्ञान (B) प्रगति

(C) कर्म (D) पतन

**93.** इनमें से कौन-सा शब्द समूह से भिन्न है ?

(A) स्वाभाविक (B) साहित्यिक

(C) अभिव्यक्ति (D) तार्किक

**94.** 'आज की तालीम भी इसी दौड़ में साथ दे रही है।' वाक्य में निपात है –

(A) भी (B) इस

(C) में (D) आज

**95.** 'विकसित' शब्द में प्रत्यय है –

(A) इत (B) त

(C) सत (D) सित

**96.** अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि आधुनिक शिक्षा का नतीजा–

(A) दु:खद है। (B) औसत है।

(C) पता नहीं। (D) सुखद है।

**97.** आधुनिक शिक्षा में किस विषय को सबसे अधिक महत्त्व दिया जाता है ?

(A) भाषा को (B) विज्ञान को

(C) इतिहास को (D) कला को

**98.** अनुच्छेद के आधार पर हमें किस पर सर्वाधिक ध्यान देने की जरूरत है ?

(A) कला प्रवृत्ति पर

(B) किशोरावस्था पर

(C) बाल्यावस्था पर

(D) विज्ञान पर

**99.** अनुच्छेद के अनुसार गणित, भूगोल, इतिहास आदि विषय –

(A) भाव प्रधान हैं ।

(B) कला प्रधान हैं।

(C) बोध प्रधान हैं।

(D) तर्क प्रधान हैं।

### निर्देश (प्रश्न संख्या 100 से 105 तक)

निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए:

साकार, दिव्य गौरव विराट !
पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल !
मेरी जननी के हिमकिरीट !
मेरे भारत के दिव्य भाल !
मेरे नगपति ! मेरे विशाल !
युग-युग अजेय, निर्बंध, मुक्त,
युग-युग गर्वोन्नत नित महान,
निस्सीम व्योम में तान रहे,
युग से किस महिमा का वितान ?
कैसी अखंड यह चिर समाधि ?
यतिवर ! कैसा यह अमर ध्यान ?
तू महाशून्य में खोज रहा

किस जटिल समस्या का निदान ?

उलझन का कैसा विषम–जाल

मेरे नगपति ! मेरे विशाल !

**100.** 'नगपति' का विग्रह और समास होगा –

(A) नगों (पर्वतों) का पति है जो – कर्मधारय

(B) नगों (पर्वतों) का पति – तत्पुरुष

(C) नगों का पति है जो, ऐसा – बहुव्रीहि

(D) रत्नों (नग) का पति – तत्पुरुष

**101.** किस पंक्ति में कहा गया है कि हिमालय शक्ति की ज्वालाओं का ढेर है ?

(A) मेरे भारत के दिव्य भाल

(B) पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल

(C) साकार, दिव्य गौरव विराट

(D) युग–युग अजेय, निर्बंध, मुक्त

**102.** 'जिसे जीता न जा सके' उसके लिए कविता में कौन-सा शब्द प्रयुक्त हुआ है ?

(A) अखंड (B) अमर

(C) दिव्य (D) अजेय

**103.** 'निस्सीम' शब्द में कौन–सी संधि है ?

(A) व्यंजन (B) विसर्ग

(C) दीर्घ (D) स्वर

**104.** हिमालय को 'यतिवर' ! कहकर संबोधित किया गया है, क्योंकि वह –

(A) पर्वतों का स्वामी है।

(B) समाधि में लीन है।

(C) समस्या का हल ढूँढ रहा है।

(D) भारत का प्रहरी है।

**105.** 'हिमकिरीट' का आशय है –

(A) बर्फ का मुकुट

(B) चाँदी का मुकुट

(C) स्वर्णिम मुकुट

(D) ठंडा मुकुट

**निर्देश (प्रश्न संख्या 106 से 120 तक)**

नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सबसे उचित विकल्प का चयन कीजिए :

**106.** रीमा ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली ऋतिका की भाषा–क्षमता, भाषा–निष्पादन संबंधी क्रमिक प्रगति का ब्यौरा उसके अभिभावकों को दिया। रीमा ने .........के आधार पर यह जानकारी दी।

(A) पोर्टफोलियो

(B) जाँच सूची

(C) लिखित परीक्षा

(D) अवलोकन

**107.** पहली कक्षा में .........भी लिखना के अंतर्गत आता है।

(A) शब्द लिखना (B) अक्षर बनाना

(C) चित्र बनाना (D) वाक्य लिखना

**108.** प्राथमिक स्तर पर पढ़ना सीखने में सबसे कम महत्त्वपूर्ण है –

(A) संदर्भानुसार अर्थ

(B) अक्षरों की पहचान

(C) पढ़ने का उद्देश्य

(D) अनुमान लगाना

**109.** 'भाषा अर्जन क्षमता' किसके साथ संबंधित है?

(A) चॉमस्की (B) स्किनर

(C) ब्रूनर (D) पियाजे

**110.** प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने में भाषा संबंधी कौन–सा संसाधन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है ?

(A) बाल साहित्य (B) समाचार–पत्र

(C) टेलीविज़न (D) कम्प्यूटर

**111.** बच्चे अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हुए हिंदी भाषा की कक्षा में अपनी बात कहते हैं। यह बात ..........है।

(A) निंदनीय (B) विचारणीय

(C) अनुचित (D) स्वाभाविक

**112.** बहु–भाषिकता हमारी पहचान भी है और हमारी ........... व .........का अभिन्न अंग भी।

(A) सभ्यता, साहित्य

(B) संस्कृति, साहित्य

(C) संस्कृति, चुनौतियों

(D) सभ्यता, संस्कृति

**113.** प्राथमिक स्तर की पाठ्य–पुस्तक में कार्टून, भाषण, विज्ञापन आदि बच्चों के भाषा–क्षमता विकास में .........हैं।

(A) बाधक (B) निरर्थक

(C) अनुपयोगी (D) सहायक

**114.** पाँचवीं कक्षा की सुहानी 'पाँचों, किन्हें, आँखें, दोनों' आदि शब्द लिखती है। आप सुहानी के लेखन क्षमता के बारे में क्या कहेंगे ?

(A) वह अनुनासिक चिह्न के प्रयोग के प्रति सजग है।

(B) वह अनुनासिक चिह्न के प्रयोग के प्रति लापरवाह है।

(C) वह अनुनासिक चिह्न के नियम का अति सामान्यीकरण करती है।

(D) वह अनुनासिक चिह्न का प्रयोग बिल्कुल नहीं जानती।

**115.** विद्यालय में भाषा शिक्षण के लिए कोई कार्यक्रम शुरु करते समय सबसे महत्त्वपूर्ण है –

(A) बच्चे की सहज भाषायी क्षमता को पहचानना।

(B) बच्चे की सहज मौखिक अभिव्यक्ति को पहचानना।

(C) बच्चे की पठन क्षमता को पहचानना।

(D) बच्चे की लिखित क्षमता को पहचानना।

**116.** कई बार बच्चे जब स्कूल आते हैं तो दो या तीन भाषाओं को .........और बोलने की क्षमता से लैस होते हैं।

(A) लिखने (B) रटने

(C) समझने (D) पढ़ने

**117.** किसी विषय को सीखने का मतलब है, उसकी ............को सीखना, उसकी ..........को सीखना।

(A) विषय-वस्तु, उपयोगी

(B) अवधारणाओं, शब्दावली

(C) शब्दावली, विषय

(D) अवधारणाओं, विषय-वस्तु

**118.** प्राथमिक स्तर पर बच्चों की भाषा का आकलन करने का उद्देश्य है –

(A) उसके भाषा–प्रयोग की क्षमता का आकलन।

(B) उसकी लेखन क्षमता का आकलन।

(C) उसकी बोलने की कुशलता का आकलन।

(D) उसकी पठन क्षमता का आकलन।

**119.** इनमें से कौन–सा भाषा–आकलन में सबसे कम प्रभावी तरीका है ?

(A) कहानी लिखना

(B) घटना–वर्णन

(C) श्रुतलेख

(D) कहानी कहना

**120.** आकलन की प्रक्रिया में केवल बच्चे की क्षमताओं का आकलन नहीं होता बल्कि शिक्षक की शिक्षण–प्रक्रिया का भी आकलन होता है। यह विचार –

(A) अंशतः सही है।

(B) पूर्णतः गलत है।

(C) निराधार है।

(D) पूर्णतः सही है।

## Part-IV/भाग–IV

# भाषा–I : संस्कृतम्

### निर्देश (प्रश्न संख्या 91 से 105 तक)

अधोलिखितं गद्यांशं पठित्वा प्रदत्तप्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्य उचितमम् उत्तरं चित्वा लिखत।

पावनसलिला नर्मदा अस्माकं प्रदेशस्य जीवनदायिनी सरित् अस्ति। एषा एव रेवा इति नाम्नापि प्रसिद्धा। अस्याः तटे अनेकानि तीर्थस्थानानि सन्ति प्राचीनकालादेव अस्याः तटे तपस्विनां स्थानानि सन्ति, अतः नर्मदायाः परिक्रमणं कृत्वा जनाः आत्मानं धन्यं मन्यन्ते। अत्रत्यं नैसर्गिकं सौन्दर्यं दर्शनीयम्।

अनूपपुरमण्डले अमरकण्टकं नाम पर्वतोऽस्ति। तत एव नर्मदा प्रादुर्भवति। तदनन्तरम् एषा गहनेषु अरण्येषु उत्तुङ्गपर्वतेषु भ्रमणं कुर्वती डिण्डोरीमण्डलं प्रविशति। डिण्डोरीतः सर्पाकारगत्या उच्चावचमार्गेण महाराजपुरं प्राप्नोति, ततः जाबालिपुरम् आगच्छति। श्वेतशिलाखण्डानां कृते प्रसिद्धे भेडाघाटनामके स्थाने धूआँधारजलप्रपातस्वरूपं धारयति। तदवलोकनार्थं बहवाः पर्यटकाः अत्र आगच्छन्ति।

नर्मदा नद्यामेव बरगी–इन्दिरासागर–सरदारसरोवरादयः बन्धाः निर्मिताः सन्ति। एभिः बन्धैः विद्युदुत्पादनं भूमिसेचनं, जलपरिवहनं, अभयारण्यनिर्माणम् पर्यटनस्थलनिर्माणम् इत्यादयो विविधलाभाः भवन्ति।

**91.** डिण्डोरी–स्थानात् इत्यस्य कृते कः शब्दः अनुच्छेदे प्रयुक्तः? तच्चित्वा लिखत

(A) कावेरीतः (B) मनोहरस्यगृहतः

(C) डिण्डोरीतः (D) मेहरौलीतः

**92.** 'तद्द्रष्टुम्' इत्यस्य कृते कः शब्दः अनुच्छेदऽस्मिन् प्रयुक्तः।

(A) आकाशात् पतितम्

(B) केशवं प्रति

(C) तदवलोकनार्थम्

(D) तस्मात् भीतः

**93.** 'उत्तुङ्गपर्वतेषु' पदे का विभक्तिः?

(A) चतुर्थी (B) तृतीया

(C) प्रथमा (D) सप्तमी

**94.** 'बन्धाः' इति पदे किं वचनम्?

(A) एकवचनम् (B) द्विवचनम्

(C) बहुवचनम् (D) शृगालवचनम्

**95.** का जीवनदायिनी सरित् अस्ति?

(A) केलिका (B) मल्लिका

(C) छाता (D) नर्मदा

**96.** जनाः किं कृत्वा आत्मानं धन्यं मन्यन्ते?

(A) आकण्ठं भोजनं कृत्वा

(B) तटे शयनं कृत्वा

(C) नर्मदायाः परिक्रमणं कृत्वा

(D) खर्जूरवृक्षमारुह्य

**97.** 'उद्भवति' पदस्य समानार्थकशब्दः अनुच्छेदेऽस्मिन् प्रयुक्तः। तच्चित्वा लिखत।

(A) नृत्यं करोति (B) सम्मोहितं करोति

(C) वेगेन धावति (D) प्रादुर्भवति

**98.** नर्मदायाः अपरं नाम अपि अनुच्छेदे प्रयुक्तः तच्चित्वा लिखत।

(A) तटम् (B) सिंही

(C) सुता (D) रेवा

**99.** अमरकण्टकं नाम पर्वतः कुत्र अस्ति?

(A) अनूपपुरमण्डले

(B) शृगालस्य गुहायाम्

(C) नूपुरमण्डले

(D) प्रभामण्डले

### निर्देश (प्रश्न संख्या 100 से 105 तक)

अधोलिखितान् श्लोकान् पठित्वा प्रश्नानां विकल्पात्मकोत्तरेभ्यः उचिततमम् उत्तरं चित्वा लिखत–

विकृतिं नैव गच्छन्ति सङ्गदोषेण साधवः।
आवेष्टितं महासर्पैः चन्दनं न विषायते॥
मनस्येकं वचस्येकं कर्मण्येकं महात्मनाम्।
मनस्यन्यद् वचस्यन्यद् कर्मण्यन्यद् दुरात्मनाम्॥
चिन्तनीया विपदायादावेव प्रतिक्रिया।
न कूपखननं युक्तं प्रदीप्ते वह्निना गृहे॥
सेवितव्यो महावृक्षः फलच्छायासमन्वितः।
यदि दैवात्फलं नास्ति छाया केन निवार्यते॥
सर्पदुर्जनजोर्मध्ये वरं सर्पो न दुर्जनम्।
सर्पो दशति कालेन दुर्जनस्तु पदे पदे॥
यस्मिन् देशे न सम्मानो न प्रीतिर्न च बान्धवाः।
न च विद्यागमः कश्चित् न तत्र दिवसं वसेत्॥

**100.** तव्यत् प्रत्यययुतः शब्दः कः?

(A) पठनीयः (B) पर्वतः

(C) सेवनीयः (D) सेवितव्यः

**101.** 'दशनं करोति' इति पदस्य समानार्थकशब्दः श्लोके प्रयुक्तं तच्चित्वा लिखत–

(A) दशति (B) खादनं करोति

(C) खादति (D) भक्षयति

**102.** 'यस्मिन् स्थाने' इति पदस्य कृते कः शब्दः श्लोके प्रयुक्तः तच्चित्वा लिखत।

(A) यस्मिन् देशे (B) यस्मिन् वृक्षे

(C) यस्मिन् तडागे (D) यस्मिन् सरोवरे

**103.** सङ्गदोषेण के विकृतिं न गच्छन्ति?

(A) साधवः (B) धुन्धकारिण्यः

(C) मानवाः (D) जन्तवः

**104.** केषां मनसि वचसि कर्मणि च ऐक्यम् भवति?

(A) क्रीडनकानाम् (B) फलक्रेतृणाम्

(C) दुन्दुभीनाम् (D) महात्मनाम्

**105.** वह्निना प्रदीप्ते गृहे किं न युक्तं भवति?

(A) केवलं धावनम् (B) क्षौरकर्म

(C) जलसंरक्षणम् (D) कूपखननम्

**106.** सम्भाषणसमये उचितेन उच्चारणेन सह समुचित–शब्दानां

समुचितक्रमेण प्रयोगः।

(A) भाषाव्यापारः (Language Function)

(B) प्रयोगाधारितभाषा (Language in Use)

(C) सङ्केतभाषा (Body Language)

(D) सम्भाषणप्रक्रिया (Mechanics of Speaking)

**107.** कथाकथनम् एकं शिक्षणशास्त्रीयम् उपकरणम् अस्ति।

तस्य उपयोगः क्रियते–

(A) भाषासाहित्यकौशलस्य विकासार्थम्।

(B) कक्षायाम् अनुशासनं पालयितुम्।

(C) श्रवणकतिविधौ छात्रान् नियोजयितुम्।

(D) छात्राणां सम्भाषणकौशलस्य विकासार्थम्।

**108.** ससन्दर्भ व्याकरणम् (Language in context) नाम–

(A) स्वाभाविकभाषायाः उदाहरणेषु रूपाणां परिचयः तथा च सन्दर्भे तेषाम् अध्ययनम्।

(B) व्यवस्थितसंरचनामाध्यमेन रूपाणाम् अधिगमनम् येन विद्यार्थी क्रमशः विकासं प्राप्नोति।

(C) पुनः पुनः अभ्यासबलेन व्याकरणस्य अधिगमनम्

(D) पूर्वम् रूपाणाम् ज्ञानम् अनन्तरं प्रयोगं प्रति प्रवृत्तिः

**109.** अधोलिखितेषु कस्य कौशलविकासार्थं लेखनम् इत्यस्मिन् ग्रहणं न भवेत्?

(A) सारांशलेखनम् (Synopsis writing)

(B) कस्यचित् कार्यक्रमस्य कृते योजनापत्रलेखनम् (Writing Agenda)

(C) व्याख्यानसमये टिप्पणीसङ्कलनम् (Note taking)

(D) पठनसमये टिप्पणीलेखनम् (Note making)

**110.** पाठ्यपुस्तकनिर्मातारः वृत्तपत्र–पत्रिकादि–मूल–लेखेभ्यः पाठान्, कविताः वर्णनानि समाहृत्य पाठ्य–पुस्तकेषु नियोजयन्ति किमर्थम्?

(A) अभ्यासप्रश्नानां निर्माणे तेषाम् उपयोगिता भवति।

(B) तानि पठनार्थम् उपयोगीनि भवन्ति।

(C) तेषु विश्वसनीया (Authentic) स्वाभाविकी च भाषा विद्यते।

(D) पाठ्यपुस्तकनिर्मातृभ्यः तानि रोचन्ते।

**111.** शिक्षकः एकं पाठं स्वगत्या पठति। विद्यार्थिनः समूहेषु विभज्य मुख्यबिन्दून् आदाय पाठस्य पुनर्निर्माणं कुर्वन्ति। एवंविधं कार्यम् अस्ति–

(A) कार्यस्य पुनर्लेखनम् (Rewriting Task)

(B) पारस्परिकश्रुतलेखः (Mutual Dictation)

(C) श्रुतलेखः (Dictation)

(D) व्याकरणश्रुतलेखः (Grammar Dictation)

**3.** (A) आकलन का प्राथमिक उद्देश्य बच्चों से सम्बन्धित अवधारणाओं के बारे में समझना तथा बच्चों की स्पष्टता तथा भ्रान्तियों को शिक्षक द्वारा समझना है, जिससे शिक्षक बच्चों का आकलन अच्छी तरह से कर पायें।

**4.** (B) समावेशी कक्षा में, एक शिक्षक को विशिष्ट शैक्षिक योजनाओं को सक्रिय रूप से तैयार करना चाहिए, क्योंकि शिक्षक का दायित्व है कि वह कक्षा में सक्रिय रूप से भाग ले, ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान कर सके तथा उनकी समस्याओं का समाधान कर सके। अतः विकल्प (B) सही है।

**5.** (B) डिस्लेक्सिया या पठनवैफल्य एक ऐसा विकार है, जिसमें बच्चों को पढ़ना, लिखना और शब्दों का बोल पाना मुश्किल होता है। इससे ग्रस्त बालक अक्सर बोलने वाले और लिखित शब्दों को याद नहीं रख पाते हैं। अतः धाराप्रवाह पढ़ने की अक्षमता होती है।

**6.** (B) शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में प्रत्येक बच्चे के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध कराने का प्रावधान है। यह प्रत्येक नागरिक का अधिकार है।एक जिम्मेदार नागरिक तथा अध्यापक का कर्तव्य है कि बच्चों के अधिकार उसे दिये जायें। अतः शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में समावेशी शिक्षा की अवधारणा अधिकार–आधारित मानवतावादी परिप्रेक्ष्य पर आधारित है।

**7.** (C) एक शिक्षक को अपनी शिक्षण पद्धति को बच्चों के विचारों को समझकर बनाना चाहिए जिसमें छात्र किस प्रकार की शिक्षण विधि द्वारा रुचिपूर्ण शिक्षण प्राप्त कर सकते हैं तथा शिक्षक को उन्हीं के अनुसार शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में नये–नये तरीके अपनाकर शिक्षण कराना चाहिए, जिसके द्वारा विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ सकती है। अतः विकल्प (C) सही है।

**8.** (C) अनेक घटनाओं के बारे में बच्चों के द्वारा बनाये गये 'सहजानुभूत सिद्धान्तों' में शिक्षकों को प्रतिकूल प्रमाण एवं उदाहरणों को प्रस्तुत करके बच्चों के सिद्धान्तों को चुनौती देनी चाहिए।

**9.** (A) छात्र–केन्द्रित शिक्षाशास्त्र की विशेषता बच्चों के अनुभवों को प्रमुखता देना है, ताकि छात्र–केन्द्रित शिक्षा में छात्र आसानी से आत्मसात् कर सकें तथा विद्यार्थी शिक्षक एवं कक्षा में सहजता का अनुभव करें, ताकि कक्षा की गतिविधियों में रुचिपूर्वक भाग ले सकें।

**10.** (B) संवेग एवं संज्ञान एक–दूसरे से सन्निहित हैं, क्योंकि संज्ञान एवं संवेग मस्तिष्क से जुड़े हैं। दोनों एक–दूसरे में समाहित हैं। संज्ञान में विचार, विश्वास तथा उम्मीदें शामिल होती हैं जो तब उत्पन्न होती हैं जब हम संवेगों का अनुभव करते हैं।

**11.** (C) संरचनावादी ढाँचे में, अधिगम प्राथमिक रूप से अवबोधन की प्रक्रिया पर केन्द्रित है।

**12.** (D) शिक्षक कक्षा में किसी विषय को समझाने के लिए किसी उदाहरण द्वारा समझाता है तो छात्र उस विषय को बड़ी रोचकता के साथ समझता है, और उदाहरण के द्वारा वह जल्दी समझ जाता है। यह एक शिक्षण का प्रभावशाली तरीका होता है, जिससे बच्चे प्रोत्साहित होते हैं।

**13.** (C) थॉर्नडाइक के प्रभाव के नियम में अधिगम सर्वप्रथम प्रेरणा के महत्व को प्रमाणित करता है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार से किसी चीज को सीखने की प्रेरणा मिलती है और दण्ड से किसी चीज को नहीं सीखने की प्रेरणा मिलती है। अतः जिस विषय को सीखने के बाद विद्यार्थी को पुरस्कार दिया जाता है, उस विषय को वह बार–बार दोहराता है और सीख लेता है, परन्तु जिस विषय को सीखने के बाद उसे दण्ड दिया जाता है, उस विषय को वह छोड़ देता है। लेकिन कभी–कभी ऐसी स्थिति आती है जब शिक्षक बच्चों को अधिगम गतिविधियों में भागीदारी करने के लिए लगातार पुरस्कार देता है और दण्ड देता है। उससे बच्चों की अपनी स्वाभाविक रुचि तथा जिज्ञासा बहुत कम हो जाती है। उसमें सीखने की रुचि न रहकर पुरस्कार पाने की इच्छा जागृत होती है और दण्ड का अधिक प्रयोग करने पर बच्चे चीजों को सीखना बन्द कर देते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

**14.** (C) संरचनावादी सिद्धान्तों के अनुसार अधिगम के बारे में अधिगम सक्रिय विनियोजन के द्वारा ज्ञान की संरचना की प्रक्रिया है।

**15.** (C) शिक्षक को बच्चों की जटिल अवधारणाओं की समझ के लिए अन्वेषण एवं परिचर्चा के अवसर उपलब्ध कराने चाहिए, क्योंकि अन्वेषण के द्वारा बच्चे जटिल चीजों की खोज कर पाते हैं और नई चीजें समझ पाते हैं और परिचर्चा में शिक्षक छात्रों के सहयोग से किसी विषय पर तर्क–वितर्क करते हैं और समाधान तक पहुँचते हैं। अतः विकल्प (C) सही है।

**16.** (C) एक प्राथमिक विद्यालय की अध्यापिका बच्चों को एक प्रभावशाली समस्या– समाधानकर्ता बनने के लिए बच्चों को सहजानुभूत अनुमान लगाने के लिए प्रोत्साहित करके तथा उसी पर आधारित विचार मंथन करके प्रोत्साहित कर सकती है।

**17.** (A) सहयोगात्मक अधिगम में छोटे–छोटे समूहों का निर्माण करके छात्र अपनी एवं दूसरे सदस्यों की अधिगम क्षमता को अधिकतम करने के लिए एक साथ कार्य करते हैं तथा सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन में छात्र की शैक्षिक प्रगति का व्यापक विवरण प्रस्तुत करता है, जिससे विद्यार्थियों को प्रतिपुष्टि प्राप्त होती है, जिसके आधार पर वे अपनी कमजोरियों और समस्याओं का निदान करके अपनी निष्पत्ति में सुधार एवं व्यक्तित्व का बहुमुखी विकास करता है। अतः यह दोनों प्रथाएँ सार्थक अधिगम को बढ़ावा देती हैं।

**18.** (C) विकास को सार्वभौमिक तथा सांस्कृतिक सन्दर्भ इसे प्रभावित नहीं करते हैं। यह विकास का सिद्धान्त नहीं है।

**19.** (D) वैयक्ति विभिन्नता का प्राथमिक कारण लोगों के द्वारा माता पिता से प्राप्त अनुवांशिक संकेत पद्धति (कोड) होता है। जैसे कि एक लड़के को हम 'तुम क्या कर रहे हो' तथा लड़की को तुम क्या कर रही हो। यह कह कर बुलाते हैं। यहाँ पर कर **रहे हो** तथा कर **रही हो** से हमे वैयक्तिक विभिन्नता का आधार या कारण अनुवांशिकता से प्राप्त होता है। अतः लोगों के द्वारा माता–पिता से प्राप्त अनुवांशिक संकेत पद्धति (कोड) को यहाँ महत्वपूर्ण प्राथमिक कारण माना गया है।

**20.** (B) विद्यालय तथा मीडिया को द्वितीयक समाजीकरण एजेन्सी के रूप में जाना जाता है। जनसंचार (मीडिया) को भी समाजीकरण का महत्वपूर्ण माध्यम माना जाता है। अतः सामाजिक वातावरण में अनुकूलन व समायोजन करना शिक्षा के सन्दर्भ में समाजीकरण की प्रक्रिया होता है।

**21.** (B) मध्य बाल्यावस्था तथा किशोरावस्था की अवधि में शारीरिक वृद्धि तथा विकास तीव्र गति से होता है। मध्य बाल्यावस्था की अवधि 9 वर्ष से 12-13 वर्ष तक आयु (उत्तर बाल्यावस्था) तक की होती है। इस अवधि में बालकों के कन्धे चौड़े, कूल्हे पतले व पैर सीधे लम्बे होते हैं तथा बालिकाओं के कन्धे पतले, कूल्हे चौड़े व पैर अन्दर की ओर झुके होते हैं। 11 से 12 वर्ष की आयु में बालकों व बालिकाओं के यौनांगों का विकास भी तीव्रता से होता है। उत्तर बाल्यावस्था से ही किशोरावस्था प्रारंभ हो जाती है तथा यह 18 वर्ष या 20 वर्ष की आयु तक चलती हैं। तब तक बालकों का सम्पूर्ण विकास हो जाता है।

**22.** (A) सामाजिक अनुबन्ध अधिविन्यास लॉरेंस कोहलबर्ग के द्वारा प्रस्तावित नैतिक विकास की एक अवस्था है। कोहलबर्ग के सिद्धान्त के तीन स्तर तथा इसके छः चरण होते हैं, जिसमें—

**1. पूर्व परम्परागत स्तर**

- आज्ञाकारिता और दण्ड अभिविन्यास
- बोध यन्त्र अभिविन्यास

**2. परम्परागत स्तर**

- अन्तर्वैयक्तिक सहमति
- प्रमुख तथा सामाजिक क्रम संपोषण उन्मुखी–करण

**3. उत्तर परम्परागत स्तर**

- सामाजिक अनुबन्ध अभिविन्यास
- सार्वभौमिक नीतिपरक सिद्धान्त

**23.** (D) कक्षा में परिचर्चा के दौरान एक शिक्षक प्रायः लड़कियों की तुलना में लड़कों पर अधिक ध्यान देता है। यह जेण्डर पक्षपात का उदाहरण होता है।

**24.** (D) बच्चों में जेण्डर रूढ़िवादिता एवं जेण्डर भूमिका अनुरूपता को कम करने के लिए जेण्डर पक्षपात के बारे में परिचर्चा पद्धति को अपनाना चाहिए, क्योंकि परिचर्चा की एक ऐसी पद्धति है जिससे लोगों के बीच तर्क–वितर्क होता है और समस्या का समाधान निकालने की दिशा प्रदान होती है।

**25.** (A) लेव वाइगोट्स्की मनोवैज्ञानिक ने बच्चों को ज्ञान के सक्रिय जिज्ञासु के रूप में देखते हुए उनके चिन्तन पर सामाजिक एवं सांस्कृतिक विषयवस्तुओं के प्रभाव को महत्व दिया।

**26.** (A) भाषा के अर्जन एवं विकास के लिए सर्वाधिक संवेदनशील अवधि प्रारम्भिक बाल्यावस्था होती है, क्योंकि इस अवस्था में बालक की आयु में वृद्धि होती है और उसके स्वरयन्त्र तथा स्नायुविक अंगों में परिपक्वता आती जाती है। फलस्वरूप धीरे–धीरे उसकी भाषा का विकास तीव्र गति से होने लगता है। बाल्यावस्था में बालक शब्द से लेकर वाक्य निर्माण की क्रिया में दक्षता प्राप्त कर लेता है।

**27.** (C) पाड़ (ढाँचा या स्केफोल्डिंग) से तात्पर्य है, प्रभावी अधिगम हेतु वयस्कों द्वारा छात्र को अस्थायी सहयोग या संकेत देना, जिससे छात्र गहनता से अध्ययन कर सकता है। अतः विकल्प (C) सही है।

**28.** (A) जीन पियाजे के सिद्धान्त में मूर्त संक्रियात्मक अवस्था 7 से 12 वर्ष तक की मानी जाती है। इस अवस्था में बच्चों के विचारों में

संक्रियात्मक क्षमता आ जाती है। इस अवस्था में यह संरक्षण का सिद्धान्त कहलाता है। बच्चे इस अवस्था में वजन, लम्बाई, भार इत्यादि के संरक्षण से सम्बन्धित समस्याओं का समाधान करने में सक्षम होते हैं। बालक इस अवस्था के अन्तर्गत कक्षा–कक्ष में अन्य छात्रों के साथ उचित समावेशन भी करते हैं, तथा सहपाठियों के साथ मित्रतापूर्ण व्यवहार करते हैं। अतः विकल्प (A) सही है।

**29.** (D) बच्चों के लिए संज्ञानात्मक विकास के सन्दर्भ में स्कीम्स पियाजे की संरचना है। स्कीम्स से तात्पर्य व्यवहारों के संगठित एवं व्यवस्थित पैटर्न से है। स्कीम्स का सम्बन्ध मानसिक संक्रियाओं से होता है। स्कीम्स को मानसिक का अभिव्यक्त रूप माना जाता है। अतः विकल्प (D) सही है।

**30.** (D) वायगोट्स्की सिद्धान्त इस वार्ता को व्यक्तिगत वार्ता से सम्बन्धित करते हैं।

## भाग–II
## गणित

**31.** (C) 80 dm 8 cm

$= 80 \times 100$ mm $+ 8 \times 10$ mm

$= (8000+80)$ mm या 8080 mm

800 cm 8 mm

$= (800 \times 10+8)$ mm

$= 8008$ mm

8m $= 8 \times 1000$ mm $= 8000$ mm

$\therefore$ 8500mm > 8080mm > 8008mm > 8000mm

विकल्प (C) सही है।

**32.** (C) 29 अगस्त में कुल यात्रा का समय

= 7 घंटे 30 मिनट

30 अगस्त में कुल यात्रा का समय

= 24 घंटे

31 अगस्त में कुल यात्रा का समय

= 8 घंटे 45 मिनट

$\therefore$ यात्रा का कुल समय =

(7+24+8) घंटे (30+45) मिनट

= 39 घंटे 75 मिनट

या, 40 घंटे 15 मिनट

**33.** (A) उन्हें मूर्त पदार्थ से विनिमय नियम समझायेंगे।

**34.** (B) गणित के प्राथमिक पाठ्यक्रम में 'प्रतिचित्रण' का परिचय देने का मुख्य प्रयोजन है –

(a) त्रिविम विचार–क्षमता को प्रोत्साहन देना

(b) आनुपातिक विवेचन को प्रोत्साहन देना

**35.** (A) माना आयत की लम्बाई = $x$ cm




$\because$ आयत का परिमाप = 180 cm

2 (लम्बाई + चौड़ाई ) = 180 cm

$2\,(x + 30) = 180$

$x + 30 = 90$ या $x = 60$ cm

**36.** (A) ग्राफ पेपर और टाइल

**37.** (C) अनुपात विषय प्राथमिक विद्यालय में गणित पाठ्यक्रम का भाग नहीं है।

**38.** (A) कागज की पट्टियों का प्रयोग

**39.** (B) विद्यार्थियों को अवसर देना कि वे संकल्पनाओं की संरचना करें।

**40.** (A) सामाजिक– सांस्कृतिक पृष्ठभूमि।

**41.** (C) मानस दर्शन गणित का महत्वपूर्ण पहलू है।

**42.** (B) प्राथमिक स्तर पर आकलन के लिए विषयपरक प्रकार की परीक्षा का उपयोग किया जाता है।

**43.** (D) गणित में उत्कृष्ट प्रदर्शन की प्रतिभा स्वाभाविक होती है।

**44.** (D) बोतल के ऊपरी दृश्य को चित्रित करना।

**45.** (B) हिन्दू–अरबी गणना–प्रणाली में आधार 2 की प्रणाली का पालन किया जाता है।

**46.** (D) $\because$ मेरे पास पेंसिलों की संख्या = 6

$\therefore$ मनीष के पास पेंसिलों की संख्या

$= 6 + 2 = 8$

अतः यह एक तुलनात्मक जमा प्रकार की समस्या है।

**47.** (A) गणितीय प्रक्रिया की तर्कसंगतता देने की क्षमता, गणितीय तर्कणा का सूचक है।

**48.** (B) बच्चों को प्रचुर अवसर दिए जाने चाहिए कि वे दिक्स्थान की अंतर्दर्शी समझ को विकसित कर सकें।

**49.** (A) तालिका का उपयोग करने पर,

अभीष्ट वापसी,

$$= 200 - \left[\frac{40}{2} + \frac{25}{2} + 40 + 25 + 15\right]$$

$$= 200 - \left[20 + \frac{25}{2} + 40 + 25 + 15\right]$$

= 200 –[100 + 12.5]

= ₹ 87.50

**50.** (A) राजीव द्वारा पार्क की गई कार द्वारा लिया गया कुल समय = 9:30 घण्टे, जो कि (d) बिन्दु में तय समय–सीमा के अन्तर्गत आता है। अतः भुगतान की गई राशि = ₹ 150

**51.** (D) चूँकि संख्या 57 दी गई शर्तों का अनुसरण करती है। अतः अभीष्ट संख्या = 57

**52.** (C) संख्या 60482 में,

* दहाई के स्थान का अंक = 8

* इकाई के स्थान का अंक = 2 या $8 \times \frac{1}{4}$

= दहाई के स्थान के अंक का एक–चौथाई

* हजार के स्थान का अंक = 0

* सैकड़े के स्थान का अंक= 4 या $2 \times 2$

= इकाई के स्थान के अंक का दुगुना

* दस हजारवें स्थान का अंक=6 या $3 \times 2$

= इकाई के स्थान के अंक का तिगुना

अतः अभीष्ट संख्या 60482 प्रश्न में दी गई शर्तों का पूर्णतया पालन करती है।

**53.** (B) आरोही क्रम में संख्याओं को व्यवस्थित करने पर,

$0.77 < 7.007 < 7.07 < 7.70 < 7.707$

अतः तृतीय स्थान पर स्थित संख्या = 7.07

**54.** (D) 4 cm भुजा वाले वर्ग को 4 बराबर वर्गों में विभाजित करने पर प्रत्येक छोटे वर्ग की भुजा 2 cm होगी।

अतः प्रत्येक छोटे वर्ग का क्षेत्रफल

$= (\text{भुजा})^2$

$= (2)^2 = 4\text{ cm}^2$

**55.** (C) खरीदे जाने वाले पैकेटों की न्यूतम संख्या

$$= \frac{\text{ल.स.प. } (10, 12, 24)}{10, 12 \text{ और } 24}$$

$$= \frac{120}{10}, \frac{120}{12}, \frac{120}{24}$$

= 12, 10, 5

अतः A = 12, B = 10 और C = 5

**56.** (C) अभीष्ट संख्या = ल.स.प.(1, 2, ....9, 10)

$= 5 \times 7 \times 8 \times 9$

= 2520

**57.** (D) $\because 160 = 90 + 70$

या $18 \times 5 + 7 \times 10$

अतः स्पष्ट है कि आयशा के पास ₹ 5 के 18 सिक्के और ₹ 10 के 7 सिक्के होंगे।

**58.** (D) सभी अभाज्य संख्याएँ विषम संख्याएँ होती हैं।

**59.** (A) माना वृक्षों की संख्या = $x$

प्रश्न से,

$\Rightarrow \quad \frac{x}{6} = 5$ (नीम के वृक्षों की संख्या)

$\Rightarrow \quad x = 30$

$\because$ अशोक के वृक्षों की संख्या $= \frac{x}{2} = 15$

$\because$ यूकेलिप्टस के वृक्षों की संख्या,
$= 30 - (5+15)$
$= 30 - 20$
$= 10$

**60.** (A) $= 17.5 \times 3 - 21 \div 7 - 3 \times 12.5$
$= 17.5 \times 3 - 3 - 3 \times 12.5$
$= 52.5 - 3 - 37.5$
$= 52.5 - 40.5$
$= 12$

## भाग–III
## पर्यावरण अध्ययन

**61.** (A) पर्यावरण अध्ययन के लिए कक्षा I से II कक्षाओं के लिए, भाषा और गणित के माध्यम से पर्यावरण अध्ययन पढ़ाया जाता है।

**62.** (B) पर्यावरण अध्ययन बाल–केन्द्रित है। बच्चों को पर्यावरण अध्ययन को सीखने के लिए पर्याप्त समय दिया जाता है। पर्यावरण अध्ययन परिवेश के सामाजिक और भौतिक घटकों की अन्त:क्रियाओं का अध्ययन है।

**63.** (A) पर्यावरण अध्ययन कक्षाओं III से V के लिए एक विषय क्षेत्र है, जो पर्यावरण शिक्षा, सामाजिक अध्ययन और विज्ञान की अवधारणाओं और मुद्दों को संकलित करता है।

**64.** (D) पर्यावरण अध्ययन के शिक्षक के लिए विभिन्न कक्षाओं के बहुसांस्कृतिक क्षेत्रों को सम्बोधित करना, यह शिक्षक की वांछनीय गतिविधि है।

**65.** (D) पर्यावरण अध्ययन एक बहु–अनुशासनात्मक विज्ञान है, जिसमें रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, कृषि, स्वास्थ्य, सेनेटरी इंजीनियरिंग आदि जैसे अध्ययनों की विभिन्न शाखाएँ शामिल हैं। पर्यावरण अध्ययन में बच्चों की महत्वपूर्ण भूमिका शामिल है, जैसे–

* बच्चों का सक्रिय भाग लेना।
* बच्चों के समुदाय के सदस्य हैं।
* पर्यावरण अध्ययन की पाठ्य–पुस्तकें

**66.** (B) जानवर पर्यावरण अध्ययन पाठ्यक्रम के सुझावित प्रकरणों का उपप्रकरण है। पर्यावरण अध्ययन के पाठ्यक्रम में आपसी सम्बन्ध, कार्य और खेल, जानवर और पौधे ये चार परिवार एवं मित्र की उपथीम होते हैं। जबकि भोजन, पानी, आवास, परिवार एवं मित्र, हम चीजें कैसे बनाते हैं, पर्यावरण अध्ययन की थीम होते हैं।

**67.** (C) पर्यावरण अध्ययन के अन्तर्गत शिक्षक के द्वारा बच्चों को जानवरों का अवलोकन और उनका चित्र बनाने को प्रेरित करने का मुख्य उद्देश्य यह होता है कि–

* बच्चों में सृजनात्मकता का विकास करना।
* बच्चों में अवलोकन और रचना कौशलों का विकास करना।
* बच्चों में सौंदर्यगत संवेदना का विकास करना।

**68.** (A) बच्चों को पर्यावरण अध्ययन सीखने में प्रभावशाली तरीकों में वृत्तांत (Narratives) और कहानियों (Stories) को जोड़ा जाना चाहिए।

**69.** (B) पर्यावरण अध्ययन को सीखने का सबसे प्रभावशाली संसाधन निम्नलिखित हो सकते हैं–

* परिवार के सदस्य
* समुदाय के सदस्य
* समाचार–पत्र

**70.** (A) पर्यावरण शब्द का निर्माण दो शब्दों से मिलकर हुआ है। 'परि' जो हमारे चारों ओर है। 'आवरण' जो हमें चारों ओर से घेरे हुए है। सीखने के सिद्धान्त के अन्तर्गत पर्यावरण अध्ययन अमूर्त से मूर्त अनुसरण करता है।

**71.** (B) पर्यावरण अध्ययन में शिल्पकला और चित्रकला को समूह में करके सीखने पर बल दिया जाता है। समूह में सीखना, सहपाठी द्वारा सीखने को प्रोत्साहित करता है। समूह में सीखने से सामाजिक अन्त:क्रिया बेहतर होती है।

**72.** (D) पर्यावरण अध्ययन में बच्चों के आकलन में बच्चों के सही को सही या गलत में आँकने से बचना चाहिए।

**73.** (B) एक कक्षा V का शिक्षक द्वारा अनुशासन बनाए रखने के लिए सर्वाधिक प्रभावशाली उपायों में यदि कक्षा में पढ़ाई जाने वाली विषय–वस्तु को नवीन शिक्षण प्रविधियों के उचित प्रयोग से रोचक, सहज व व्यावहारिक जीवन से केन्द्रित बनाया जाए। शिक्षक कक्षा में क्रियाकलाप के लिए चीनी के कुछ दाने डालकर चींटियों के आने का इंतजार करने को कहती है। इस प्रयोग से शिक्षक बच्चों को क्रियाकलाप का अवलोकन, अनुभव साझा और उस पर चर्चा करने को प्रेरित करती है।

**74.** (C) पर्यावरण अध्ययन में वार्षिक उपलब्धि परीक्षण सीखने का रचनात्मक आकलन का साधन नहीं है, क्योंकि वार्षिक उपलब्धि परीक्षण विद्यालय के विषय से सम्बन्धित अर्जित ज्ञान का परीक्षण है। इस प्रकार के परीक्षण से शिक्षक यह ज्ञात कर सकता है कि एक वर्ष में विद्यार्थी ने कितनी उन्नति प्राप्त की है।

**75.** (A)

| शहर/राज्य | अत्यधिक पसन्द का भोजन |
|---|---|
| 1. हाँगकांग/ | I. पकाया हुआ साँप |
| 2. केरल/ | II. किसी भी करी के साथ उबला टैपिओका |
| 3. कश्मीर/ | III. सरसों के तेल में बनी मछली |
| 4. गोआ/ | IV. नारियल के तेल से बनी समुन्दर की मछली |

**76.** (C) मैना सम्पूर्ण भारत में पायी जाती है। मैना खुद का घोंसला पेड़ों पर बनाती है, लेकिन अपने अंडे किसी दूसरे पक्षी के घोंसले में देती है। यही अपनी गर्दन आगे–पीछे करती है।

**77.** (A) कौआ अन्य जन्तुओं से भिन्न है, क्योंकि कौआ आकाश में उड़ने वाला एक पक्षी है जबकि कछुआ, घड़ियाल, बत्तख, मछली जलीय जीव हैं जो पानी में रहते हैं।

**78.** (B) हाथियों के विषय में निम्न क्रम सही है –

i. इन्हें पानी और कीचड़ में खेलना बहुत भाता है, इससे इनके शरीर को ठंडक मिलती है।
ii. किसी हाथियों के झुण्ड में सबसे बुजुर्ग हथिनी ही सभी फैसले लेती है।
iii. हाथी बहुत कम आराम करते हैं, यह एक दिन में केवल 2 से 4 घंटे ही सोते हैं।

**79.** (B) i. राजस्थान में गाँव के लोग मिट्टी के घर, जिनकी छतें कंटीली झाड़ियों की होती हैं, में रहते हैं।
ii. लेह में दो मंजलीय घर बनाये जाते हैं। नीचे की मंजिल पर जरूरत का सामान और जानवरों को रखते हैं।

**80.** (C) कर्णम मल्लेश्वरी भारत की प्रसिद्ध भारोत्तोलक (वेट लिफ्टर) हैं। इन्होंने 2000 ई. में सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) ओलम्पिक खेलों में कांस्य पदक हासिल किया था। इन्हें 1995 में अर्जुन पुरस्कार, 1996 ई. में राजीव गाँधी खेलरत्न पुरस्कार और 1997 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है।

**81.** (C) मूसला जड़ (Taproot) कुछ पौधों की एम मुख्य केन्द्रीय जड़ होती है, जिसमें से अन्य जड़ें निकलती हैं। यह अक्सर सीधी नीचे की ओर बढ़ती हैं। कुछ गाजर, मूली व चुकंदर जैसे पौधों में मूसला जड़ में पौधा उसमें आहार जमा करता है, जिससे मनुष्य व अन्य प्राणी उसे खाते हैं।

**82.** (A) 'रेगिस्तानी ओक' नाम का पेड़ पश्चिमी और दक्षिणी ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है।

**83.** (B) सूरत से नगरकोइल के बीच की दूरी =2120 km

29 नवम्बर 2019 को 19:45 बजे से 1 दिसम्बर 2019 को 11:45 बजे तक ट्रेन द्वारा लिया गया कुल समय

$= 24\text{ hr} + 12\text{ hr} + 4\text{ hr}$

$= 40\text{ hr}$

$$\text{औसत चाल} = \frac{\text{दूरी}}{\text{समय}}$$

$$= \frac{2120}{40} = 53\text{ km/hr}$$

**84.** (C) डांडी यात्रा महात्मा गाँधी ने अपने 78 स्वयं सेवकों के साथ साबरमती आश्रम (गुजरात) से 12 मार्च, 1930 से शुरू की और 24 दिन की यात्रा के पश्चात् 6 अप्रैल, 1930 को डांडी (नौसारी, गुजरात) पहुँच कर नमक कानून तोड़ा।

**85.** (A) सिनकोना वृक्ष की छाल से मलेरिया उपचार के लिए औषधि **सिनकोना** तैयार की जाती है। इसके वृक्ष भारत में दार्जिलिंग तथा ठंडी जगहों में मिलते हैं।

**86.** (D) घटपर्णी (Nepenthes) पौधा एक कीटभक्षी पौधा है। यह पौधा दलदली एवं नम जगहों पर उगता है। ये पौधे तंतुओं के सहारे ऊपर चढ़ते हैं। ये पौधे ऑस्ट्रेलिया, इण्डोनेशिया, श्रीलंका और भारत के मेघालय में पाये जाते हैं। इसका आकार घड़े जैसा होता है और इसका मुँह एक पत्ती से ढका होता है।

**87.** (A) चेराओ मिजोरम का प्रमुख नृत्य है। 6 से 8 व्यक्ति समूह बनाकर यह नृत्य करते हैं।

**88.** (C) तमिलनाडु भारत का दक्षिणी राज्य है। इसकी राजधानी चेन्नई है। इसके पड़ोसी राज्य **आन्ध्र प्रदेश**, **कर्नाटक** तथा **केरल** हैं

**89.** (C) NCF-2005 के अनुसार प्राथमिक स्तर पर पर्यावरण अध्ययन शिक्षण का यह उद्देश्य होना चाहिए कि बच्चों को उनके वातावरण के अनुसार वास्तविक परिस्थितियों से अनुभव कराया जाये, ताकि वे उनसे जुड़ें, उनके प्रति जागरूक हों, तथा उनके महत्त्व को समझें और प्राकृतिक भौतिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक एवं वर्तमान पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनें न कि पर्यावरणीय समझ के द्वारा बच्चों में सटीक संख्यात्मक कौशलों को विकसित करना होना चाहिए।

**90.** (A)







अस्पताल के सापेक्ष डॉक्टर का घर उत्तर–पश्चिम दिशा में है।

## भाग–IV

## भाषा–I : हिन्दी

**91.** (A) समाज में विभाजन हो रहा है।

**92.** (D) किशोरावस्था तार्किकता की प्रधानता और भाव के अभाव में पतन का रास्ता अपना रही है। कला कोमल भावनाओं का परिष्कार करती है तो तर्कशीलता निष्ठुर हृदयहीनता को जन्म देती है और कोरी स्वार्थपरता की सिद्धि चाहती है।

**93.** (C) अभिव्यक्ति शब्द के अलावा अन्य सभी शब्दों में 'इक' प्रत्यय का प्रयोग होने के कारण विकल्प (C) अन्य से भिन्न है।

**94.** (A) किसी भी बात पर अतिरिक्त भार देने के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया जाता है, उसे 'निपात' कहते हैं। यहाँ 'तालीम' शब्द के साथ अतिरिक्त भार देने के लिए 'भी' का प्रयोग किया गया है, जो कि निपात शब्द है।

**95.** (A) 'विकसित' शब्द में प्रत्यय 'इत' है।

**96.** (A) अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि आधुनिक शिक्षा का नतीजा दुःखद है, क्योंकि आधुनिक शिक्षा से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास नहीं हो पाया है।

**97.** (B) आधुनिक शिक्षा में विज्ञान विषय को सबसे अधिक महत्त्व दिया गया है।

**98.** (A) अनुच्छेद के आधार पर हमें कला प्रवृत्ति पर सर्वाधिक ध्यान देने की जरूरत है।

**99.** (D) अनुच्छेद के अनुसार गणित, भूगोल, इतिहास आदि विषय तर्क प्रधान हैं।

**100.** (B) तत्पुरुष समास में कारक चिह्नों का प्रयोग किया जाता है। नगपति = नगों (पर्वतों) का पति –तत्पुरुष। यहाँ 'का' कारक विलुप्त है।

**101.** (B) पौरुष के पुंजीभूत ज्वाल पंक्ति में कहा गया है कि हिमालय शक्ति की ज्वालाओं का ढेर है

**102.** (D) 'जिसे जीता न जा सके' उसके लिए कविता में अजेय शब्द प्रयुक्त हुआ है।

**103.** (B) विसर्ग संधि में, विसर्ग के बाद श, ष, स होने पर या तो विसर्ग यथावत रहता है या अपने से आगे वाला वर्ण हो जाता है। निः+सीम = निस्सीम।

**104.** (B) हिमालय को 'यतिवर'! कहकर संबोधित किया गया है, क्योंकि वह समाधि में लीन है।

**105.** (A) 'हिमकिरीट' का अर्थ बर्फ का मुकुट से है।

**106.** (A) रीमा ने तीसरी कक्षा में पढ़ने वाली ऋतिका की भाषा–क्षमता, भाषा–निष्पादन संबंधी क्रमिक प्रगति का ब्यौरा उसके अभिभावकों को दिया। रीमा ने पोर्टफोलियो के आधार पर यह जानकारी दी।

**107.** (C) पहली कक्षा में चित्र बनाना भी लिखने के अंतर्गत आता है।

**108.** (C) प्राथमिक स्तर पर पढ़ना सीखने में सबसे कम महत्वपूर्ण पढ़ने का उद्देश्य है।

**109.** (A) 'भाषा अर्जन क्षमता' का सम्बन्ध चॉमस्की से है।

**110.** (A) प्राथमिक स्तर पर भाषा सीखने में भाषा सम्बन्धी बाल साहित्य संसाधन सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है।

**111.** (D) यह बात स्वाभाविक है की बच्चे अपनी मातृभाषा का प्रयोग करते हुए हिन्दी भाषा की कक्षा में अपनी बात कहते हैं।

**112.** (D) बहु–भाषिकता हमारी पहचान भी है और हमारी सभ्यता व संस्कृति का अभिन्न अंग भी है।

**113.** (D) प्राथमिक स्तर की पाठ्य–पुस्तक में कार्टून, भाषण, विज्ञापन आदि बच्चों के भाषा–क्षमता विकास में सहायक हैं।

**114.** (A) कथन से यह स्पष्ट होता है कि सुहानी अनुनासिक चिह्न के प्रयोग के प्रति सजग है।

**115.** (A) विद्यालय में भाषा शिक्षण के लिए कोई कार्यक्रम शुरू करते समय सबसे महत्त्वपूर्ण

है कि बच्चे की सहज भाषायी क्षमता को पहचाना जाये।

116. (C) कई बार बच्चे जब स्कूल आते हैं तो दो या तीन भाषाओं को 'समझने' और बोलने की क्षमता से लैस होते हैं।

117. (B) किसी विषय को सीखने का मतलब है, उसकी अवधारणाओं को सीखना, उसकी शब्दावली को सीखना।

118. (A) प्राथमिक स्तर पर बच्चोंकी भाषा का आकलन करने का उद्देश्य है कि उसके भाषा–प्रयोग की क्षमता का आकलन करना।

119. (C) श्रुतलेख भाषा–आकलन में सबसे कम प्रभावी तरीका होता है।

120. (D) आकलन की प्रक्रिया में केवल बच्चे की क्षमताओं का आकलन नहीं होता, बल्कि शिक्षक की शिक्षण–प्रक्रिया का भी आकलन होता है। यह विचार पूर्णतः सही है।

## भाग–IV

## भाषा–I : संस्कृतम्

91. (C) 'डिण्डोरी–स्थानात्' अलग होने के अर्थ में पंचमी एकवचन का प्रयोग हुआ है। वहीं "पंचम्यास्तसिल्' सूत्रानुसार, संज्ञा, सर्वनाम तथा विशेषण शब्दों से पंचमी विभक्तयर्थ में तसिल् (तस् = तः) प्रत्यय जोड़ा जाता है। यथा – तस्मात् इति – तत् + तसिल् = त + तस् = ततः। यत् = यतः। किम् = कुतः। इदम् = इतः। उसी प्रकार डिण्डोरी + तसिल् = 'डिण्डेरीतः' शुद्ध विकल्प है।

92. (C) 'तद्दृष्टुम्' (उसे देखने के लिए) में तुमुन् प्रत्यय का प्रयोग हुआ है। तुमन् प्रत्यय जोड़कर किसी धातु से जो अर्थ प्राप्त किया जाता है, उसी अर्थ को प्रकट करने के लिए उसी धातु से बनी हुई भाववाचक संज्ञा का प्रयोग होने पर चतुर्थी होती है।

93. (D) पुल्लिंग अकारान्त शब्दों के रूप 'रामवत्' बनते हैं। यहाँ 'उत्तुङ्गपर्वत' अकारान्त पुल्लिंग शब्द है। इस प्रकार विकल्प (D) में सप्तमी विभक्ति का प्रयोग हुआ है।

94. (C) 'बन्ध' अकारान्त पुल्लिंग शब्द है। 'रामवत्' रूप चलाकर 'बन्धाः' प्रथमा विभक्ति बहुवचन का रूप बनेगा।

95. (D) पवित्र जल से युक्त 'नर्मदा' हमारे देश की जीवन देने वाली नदी है।

96. (C) नर्मदा नदी का वैशिष्ट्य प्रतिपादित करते हुए कहा गया है कि जीवनदायिनी नर्मदा की परिक्रमा करके लोग अपने को धन्य मानते हैं।

97. (D) भू धातु के कर्ता का प्रभव (उत्पत्ति स्थान) अपादान संज्ञक होता है। नर्मदा नदी अनूपपुर मण्डल में अमरकण्टक नामक पर्वत से उत्पन्न होती है। यहाँ 'प्रादुर्भवति' विकल्प शुद्ध है।

98. (D) हमारे देश की पुण्यसलिला नर्मदा नाम की नदी जीवनदायिनी है। इसका दूसरा नाम 'रेवा' भी प्रसिद्ध है।

99. (A) नर्मदा नदी का उद्गम स्थल (उत्पत्ति स्थान) अमरकण्टक पर्वत है। यह अमरकण्टक नाम के पर्वत अनूपपुर मण्डल में स्थित है।

100. (D) तव्यत् प्रत्यय प्रायः सभी धातुओं में जोड़ा जाता है। 'तव्यत्' का 'तव्य' शेष रहता है। तव्यत् प्रत्यायान्त शब्द स्वरित होते हैं। तव्यत् प्रत्यय जोड़ते समय सेट् धातुओं में धातु तथा प्रत्यय के बीच में 'इ' जुड़ जाता है, यथा–पठ् + तव्य = पठितव्यः। चर + तव्य = चरितव्यः। सेव् + तव्य = सेवितव्यः।

101. (A) इसके उत्तर पद में कोई क्रियावाचक शब्द होता है, इसलिए इस समास को उपपद कहते हैं; यथा–दशनं करोति = दशति।

102. (A) 'यस्मिन् स्थाने' अर्थात् जिस स्थान पर के लिए प्रस्तुत श्लोक में 'यस्मिन् देशे' अर्थात् जिस देश में न सम्मान है, न प्रेम है और न भाईबन्धु हैं, वहाँ एक दिन भी नहीं रहना चाहिए।

103. (A) प्रस्तुत श्लोक में सज्जनों की विशेषता बताई गई है कि जो सज्जन होते हैं, उन पर किसी भी प्रकार की संगति का कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। अर्थात् सज्जन किसी भी विकार को प्राप्त नहीं होते हैं।

104. (D) प्रस्तुत श्लोक में महात्मा और दुष्टात्मा के सम्बन्ध में बताया गया है कि महात्माओं (सज्जनों) के मन, वचन और कर्म में एकभाव अर्थात् समानता रहती है जबकि दुष्टात्माओं के मन, वचन तथा कर्म में विपरीत भाव पैदा होता रहता है।

105. (D) लोगों को निर्देश है कि किसी भी कार्य को सम्पन्न करने से पहले ही उसके प्रतिकार पर चिन्तन कर लेना चाहिए। घर में आग लगने पर कुआँ खोदने का विचार आना उचित नहीं होता है।

106. (D) 107. (A) 108. (A) 109. (B) 110. (C)
111. (D) 112. (D) 113. (C) 114. (A) 115. (A)
116. (B) 117. (D) 118. (D) 119. (C) 120. (B)

## भाग–IV

## Language-I : English

91. (B) Both 1 & 2 are true.

92. (C) Passage में दिया गया शब्द 'Gigantic (adj.)' विशाल, huge शब्द का समानार्थी (similar in meaning) है।

93. (B) Passage में दिया गया शब्द 'Sacred (adj.)' धार्मिक, पूजनीय का opposite शब्द होगा, unholy - अपवित्र।

94. (A) Part (b) में superlative adjective of degree के पूर्व definite article 'The' का प्रयोग होगा।

95. (A) वाक्य में प्रयुक्त रेखांकित शब्द 'Why' adverb है।

96. (A) Passage में प्रयुक्त वाक्यांश 'Lake unconquerable' 'Lake Manasarovar' को refer करता है। अतः विकल्प (A) सही है।

97. (B) Flow very gently through the hills.

98. (C) According to passage pillars formed by rocks resembling a forest makes the earth forests of Tholing and Tsparang look amazing.

99. (D) Because it a major source of water supply and power generation.

100. (B) To act tactfully in the battlefield is not true, because the military discipline teacher, the soldier to obey their commander's order, not to ask any question, to do and die.

101. (C) The adjective 'impractical (अव्यवहारिक)' does not apply to the soldiers.

102. (D) वाक्यांश 'Valley of Death' में mepaphor (रूपक), Figure of speech (अलंकार) प्रयुक्त हुआ है।

103. (A) 'to do and die' में Alliteration (अनुप्रास) का प्रयोग हुआ है।

104. (C) The soldiers are seen riding fast to the enemy territory.

105. (A) 'The Valley of Death' refers to the impending (आसन्न) death of soldier's.

106. (C) Reading out every word aloud and translating it does not come under the meaning based activities.

107. (B) Local

108. (A) Guided writing

109. (B) In this process she is encouraging students for -intensive reading.

110. (A) The term 'comprehensible input' is associated with - Stephen Krashan.

111. (C) 'Transcripting' is not a sub skill of reading.

112. (B) Asking closed ended questions is least important in enhancing speaking skill of children.

113. (A) It is an authentic material covering various genres.

114. (B) cloze test

115. (C) 'Language is arbitrary' means that there is no inherent relation between the words of a language and their meaning.

116. (B) This guidance is called- 'Scaffolding'

117. (B) The purpose of textual exercise is not to - memorise the answers to the questions.

118. (A) In the multilingual classroom learners can interact - in their own language and can be a mix of words from more than one language.

119. (D) Diagnostic tests are administered to find out deficiencies of the students with a view to planning remedies.

120. (C) Structural approach gives more importance to reading and writing.

## भाग–V

## भाषा–II : हिन्दी

121. (A) पाठ्यक्रम को पाठ्य–पुस्तकों का पर्याय नहीं होना चाहिए।

122. (D) 'बच्चों को यह छूट दी जानी चाहिए कि वे अपनी रुचि व क्षमता के अनुसार किसी विषय की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकें' यह स्थिति सराहनीय है।

123. (C) 'बे' उपसर्ग 'फ़िज़ूल' शब्द में नहीं किया जा सकता। अन्य शब्दों में –

बे + अदब = बेअदब

बे + ईमान = बेईमान

बे + बस = बेबस

'फ़िज़ूल' अपने आप में पूर्ण शब्द है।

124. (A) किसी की प्रतीक्षा करने वाले को प्रतीक्षारत कहा जाता है। अतः 'प्रतीक्षारत' नया शब्द प्रतीक्षा शब्द के द्वारा बन सकता है।

125. (C) 'वर्ष' मूल शब्द है, अतः 'इक' प्रत्यय लगाने पर वार्षिक = वर्ष + इक शब्द बनता हैं

126. (A) अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि पाठ्यक्रम में लचीलापन होना चाहिए।

127. (B) पाठ्यक्रम का निर्माण करते समय बच्चों की क्षमताओं और रुचियों का ध्यान रखा जाना चाहिए।

128. (B) यह संभव है कि अलग–अलग बच्चे अलग–अलग विषयों में भिन्न रुचियाँ रखते हों।

129. (C) स्वयं गाँव में जाकर ही गाँव को ठीक से समझा जा सकता है।

130. (A) ज्ञान को कर्म की कसौटी पर कसा जाता है, इसलिए गाँव को प्रयोगशाला कहा जाता है।

131. (B) 'फर्स्ट हैंड समझ' से तात्पर्य है कि स्वयं के अनुभव से समझ बनाना।

132. (B) शिक्षित शब्द में 'इत' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

133. (C) गाँव की छवि में कर्म शामिल नहीं है।

134. (A) हर ज्ञान के होने की शर्त है–सृजन और उत्पादन।

135. (D) अनुच्छेद के आधार पर कहा जा सकता है कि गाँव में नकारात्मक परिवर्तन भी हुए हैं।

136. (D) बच्चों में रेखांकन और चित्रांकन के माध्यम से लेखन कौशल का विकास किया जा सकता है।

137. (A) क्षेत्रीय भाषा के प्रभाव के कारण मुदिता अकसर 'श' को 'स' बोलती है।

138. (A) 'तितली कली के पास कब गई होगी और क्यों' यह प्रश्न बच्चों की भाषा–क्षमता के विकास में सर्वाधिक सहायक है।

139. (C) वाइगोत्सकी ने संज्ञानात्मक विकास में सामाजिक अंतःक्रिया पर अधिक बल दिया और कहा कि समुदाय का सीखने में बहुत महत्व है। सामाजिक सीखने की प्रक्रिया विकास के पहले ही आरम्भ हो जाती है।

140. (A) स्किनर ने भाषा सीखने की प्रक्रिया में अनुकरण पर सर्वाधिक बल दिया।

141. (D) बच्चों की भाषाई–क्षमताओं के आकलन के लिए बच्चों की परस्पर अनौपचारिक बातचीत सर्वाधिक सहायक है।

142. (C) 'फूलों के नाम अपनी भाषा में लिखो' यह प्रश्न कक्षा में बहु–भाषिकता को पोषित करता है।

143. (D) 'इस कहानी में पहाड़ी, घाटी शब्दों का इस्तेमाल हुआ है। पहाड़ी इलाके से जुड़े हुए और शब्द सोचकर लिखो।' – यह अभ्यास प्रश्न संदर्भ में व्याकरण का उदाहरण है।

144. (A) शिक्षण–प्रक्रिया को रुचिकर बनाने में वैविध्यपूर्ण शिक्षण–सामग्री सहायक होती है।

145. (B) प्राथमिक स्तर पर भाषाई क्षमताओं का विकास साध्य है और साहित्य साधन है।

146. (C) भाषा संबंधी व्याकरण को पूर्णतः कंठस्थ करना प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का उद्देश्य नहीं है।

147. (A) कक्षा में भाषा की विविधता के प्रति संवेदनशील बनकर उसका उपयोग भाषा शिक्षण में करना चाहिए।

148. (A) प्राथमिक स्तर पर कहानी को शब्दशः दोहराना जैसी गतिविधि बच्चों की मौखिक अभिव्यक्ति के विकास में सबसे कम प्रभावी है

149. (A) मुहावरे और लोकोक्ति भाषा–प्रयोग को प्रभावी बनाते हैं।

150. (C) मीता ने सभी बच्चों को एक अनुच्छेद दिया, जिसमें हर पाँचवें शब्द की जगह रिक्त स्थान था, जिसे बच्चों को भरना था। मीता ने क्लोज़ परीक्षण प्रयोग किया।

## भाग–V

## भाषा–II : संस्कृतम्

121. (C) प्रस्तुत गद्यांश में 'संघे शक्तिः' का निर्देश दिया गया है।एक समूह या समुदाय में रहने पर अपार शक्ति उत्पन्न हो जाती है। जब वृद्ध पिता ने चारों पुत्रों को बुलाकर लकड़ियों के गठ्ठर को तोड़ने का आदेश एक-एक को दिया, कोई भी उस गठ्ठर को न तोड़ सका। लेकिन जब वृद्ध पिता ने उस गठ्ठर को खोल दिया तो सभी पुत्रों ने उसकी एक-एक लकड़ी को तोड़ डाला।इस प्रकार पिता ने पुत्रों को समझाया कि यदि तुम लोग एक-एक होकर रहोगे तो शत्रु तुम सबको नष्ट कर देगा।

122. (D) सर्वनाम 'युष्मद्' (तुम, तू) का प्रथमा विभक्ति बहुवचन का रूप यूयम् बनता है। पुरुषों में गणना करने पर मध्यम पुरुष बहुवचन का रूप है।

123. (C) 'गृहीत्वा' तथा 'त्यक्त्वा' दोनों ही क्त्वा प्रत्ययान्त पद हैं। 'गृहीत्वा' का अर्थ 'ग्रहण करके' होता है जबकि विपरीतार्थक 'त्याग करके' है। विकल्प (C) शुद्ध है।

124. (D) वृद्ध पिता रोग से ग्रसित होकर मरणासन्न अवस्था में है। वह आपस में झगड़ते हुए अपने चारों पुत्रों को बार-बार प्रेरित करता है कि तुम सभी मिलकर रहोगे तो कोई भी बाहरी व्यक्ति तुमको नष्ट नहीं कर सकता है।

125. (D) 'आह्वानं कृत्वा' तथा 'आहूय' दोनों समानार्थक हैं। आह्वानं कृत्वा में क्त्वा प्रत्यय जुड़ा है जबकि 'आहूय' में ल्यप् प्रत्यय का प्रयोग हुआ है।

126. (A) तुमुन् प्रत्यय में 'तुम्' शेष रहता है जो "करने के लिए" अर्थ में प्रयुक्त होता है। अन्य सभी विकल्पों में–लिखित्वा, भुक्त्वा, पीत्वा में क्त्वा प्रत्यय का योग है।

127. (A) 'क्त्वा' प्रत्यय का केवल 'त्वा' शेष रहता है। जब एक कार्य की समाप्ति के बाद दूसरा कार्य किया जाता है तथा दोनों का कर्ता एक ही होता है तब प्रथम क्रिया के अर्थ में 'कर'

या 'करके' के अर्थ में क्त्वा प्रत्यय का प्रयोग किया जाता है। यहाँ विकल्प (A) में क्त्वा प्रत्यय जुड़ा है।

**128.** (B) 'पुत्र' अकारान्त पुल्लिंग शब्द है जिसके रूप रामवत् चलते हैं। पुत्र शब्द चतुर्थी बहुवचन में 'पुत्रेभ्यः' रूप बनता है।

**129.** (B) 'दरिद्र' अकारान्त पुल्लिंग शब्द है। इसके रूप रामवत् चलते हैं। चतुर्थी विभक्ति बहुवचन का रूप 'दरिद्रेभ्यः' यहाँ प्रयुक्त हुआ है।

**130.** (A) विलोम शब्द विपरीतार्थक शब्द होते हैं। यहाँ सायं काल का विलोम प्रातःकाल प्रयुक्त हुआ है।

**131.** (A) चोर के द्वारा पूछे जाने पर चाणक्य बोला– ये कम्बल राजा के द्वारा दरिद्रों के लिए दिये जाते हैं।

**132.** (D) 'प्रवेशम् अकुर्वन्' अर्थात् प्रवेश किया। प्राविशन् का अर्थ भी प्रवेश किया है। यहाँ 'प्राविशन्' क्रिया पद का कर्तृपद से (चौराः) है।

**133.** (A) क्त भूतकालिक प्रत्यय है। 'क्त' का 'त' शेष रहता है। इस प्रत्यय के योग से बने शब्द क्रिया या विशेषण के रूप में कार्य करते हैं, यथा–सुप् + क्तः = सुप्तः।

**134.** (A) समानार्थक को पर्याय भी कहते हैं। समान भाव के लिए पर्याय शब्द प्रयुक्त होते हैं। 'समीपे' का अर्थ 'समीप' में अर्थात् 'पास में' होता है। इसी प्रकार गद्यांश में प्रयुक्त 'पार्श्वे' का अर्थ 'पास में' होता है।

**135.** (B) चाणक्य राजा का ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ सेवक था। राजा के द्वारा दिये गये कम्बल दरिद्रों को दान करने हेतु हैं, अतः उसने मन में तय किया कि दूसरे की वस्तु का प्रयोग उसे नहीं करना चाहिए। अतः वह रात्रि में भूमि पर ही सो गया।

**136.** (D) **137.** (B) **138.** (D) **139.** (A) **140.** (A)
**141.** (A) **142.** (D) **143.** (C) **144.** (A) **145.** (B)
**146.** (A) **147.** (D) **148.** (A) **149.** (C) **150.** (D)

## भाग–V
## Language-II : English

**121.** (A) Real freedom, according to the author, is 'inner freedom'.

**122.** (D) 1 is false, 2 is true.

**123.** (A) Passage में प्रयुक्त शब्द 'endeavours' (प्रयत्न) का तात्पर्य – attempt से है।

**124.** (B) Passage में प्रयुक्त शब्द 'Shun' (टाल जाना, किनारा करना) का opposite शब्द 'Welcome' सही है।

**125.** (D) Part (d) में Success के पहले For का प्रयोग होना चाहिए।

**126.** (B) Freedom is not one of the most important factors in life.

**127.** (B) Persuasion (N) प्रोत्साहन व शंका की निवृत्ति

**128.** (A) to start a new religion.

**129.** (A) The Himalayan state has huge mineral deposits.

**130.** (D) शब्द 'bounty' (उदारता) का समानार्थी शब्द 'generosity' है।

**131.** (D) शब्द 'benevolent' (adj.) उदार, दयालु, परोपकारी का opposite शब्द है – 'malevolent' (adj.) अपकारी, दुष्ट।

**132.** (B) वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'perennial' (चिरस्थायी) adjective है।

**133.** (B) It is considered holy by most religions.

**134.** (C) The Himalayas form the back bone of our tourism industry.

**135.** (A) Climate change has little effect on the Himalayas.

**136.** (A) Once the material is pasted on walls, it should not be removed for the whole session.

**137.** (B) This type of task in language learning will be to facilitate conversation by giving specific language practice using formulaic expressions.

**138.** (A) In the language class 'realia' means bringing real objects as teaching aids.

**139.** (D) so that every child feels secure and accepted.

**140.** (B) Top down approach.

**141.** (B) The child is showing the signs of learning disability.

**142.** (B) She wanted to assess their comprehension of the story.

**143.** (B) which are used frequently.

**144.** (A) The major aim of teaching poetry is - enjoyment and appreciation.

**145.** (A) Morpheme is the smallest unit of meaning that cannot be broken up.

**146.** (B) Resource

**147.** (C) 'BICS' stands for 'Basic Interpersonal Communicative Skills'.

**148.** (B) A teacher provide an opportunity where the language is seen, noticed and used by children.

**149.** (A) Literature for children is considered as a/an authentic source of reading.

**150.** (A) Thesaurus

❑❑